आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 312, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 16

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 15

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

**बिलकीस बानो मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

## देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

**क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

**पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।




**एक नजर**

### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया।

### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को लेकर शासन से प्रस्ताव तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया प्रस्ताव
- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुईं। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

**सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध**

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है। **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह**, राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला**, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

## मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

**पुलिस से उठा भरोसा**

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा

**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी।



मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

## मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला

मथुरा, एजेंसी



आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद नागालैंड के आठ जिलों और पांच दूसरे जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2024 से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था जिसे 1अक्टूबर से और छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों को एक अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था जिसे एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## घरेलू हिंसा से संरक्षण का कानून हर महिला पर लागू

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने कहा धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था।

## किसान को सांड़ ने पटककर मार डाला

**दियोरियाकलां (पीलीभीत)।** खेत में फसल की रखवाली करने गए किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। कई बार पटका जिससे उनकी मौत हो गई।



कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट निवासी बाबूराम (65) बुधवार देर शाम खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे। खेत के पास कई छुट्टा पशु इकट्ठा थे। वह पशुओं को भगाने लगे। इसी दौरान सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर जमीन पर पटका जिससे उनकी मौत हो गई। आसपास के खेतों पर मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

## केंद्र ने बढ़ाईं श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी।

## कचहरी का स्टाफ ही अपराधियों पर कार्रवाई में बाधा

### स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने हत्या की कोशिश के मामले में फैसला सुनाते हुए की नाराजगी भरी टिप्पणी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**खाकी भी अपराधियों की साथी...**

- कई केस में सुनवाई पूरी, पूरे साक्ष्य, फिर भी सजा न होने पर तल्ख हुए जज
- माफिया किस्म के अपराधियों को जिले की ही जेल में रखना भी उचित नहीं

**अमृत विचार :** कचहरियों का स्थानीय स्टाफ ही अपराधियों के खिलाफ त्वरित ढंग से कार्रवाई में सबसे बड़ी बाधा है। उसी की वजह से अपराधियों के खिलाफ सुनवाई में देरी होती है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को यह नाराजगी भरी टिप्पणी पिछले विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज की हत्या की कोशिश के मामले में दोषी पाए गए हिस्ट्रीशीटर ललित सक्सेना को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए की।

दरअसल, स्पेशल जज ने केस की सुनवाई के दौरान पाया कि आप प्रत्याशी के हमलावर ललित सक्सेना के खिलाफ दर्ज 12-13 साल पुराने कई और केस में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उसके खिलाफ भरपूर साक्ष्य भी हैं, लेकिन फिर भी उसे सजा नहीं हुई है। कोर्ट ने ललित को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए अपने आदेश में कहा कि अगर उसे पहले ही अपराध की सजा मिल गई होती तो वह इतना बड़ा हिस्ट्रीशीटर नहीं बन पाता। कहा, इसका कारण यह भी है कि जिला न्यायालय में निचली श्रेणी के तमाम कर्मचारी स्थानीय होते हैं जो अपराधियों से साठगांठ कर लेते हैं। इससे केस का त्वरित विचारण नहीं हो पाता। स्पेशल जज ने कचहरी के स्थानीय स्टाफ को अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही में सबसे बड़ी बाधा बताया। कहा, महत्वपूर्ण कोर्ट में कुछ विशेष प्रकार के कर्मचारियों की ही तैनाती की जाती है। यह भी कहा कि गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटरों को सजा के बाद भी स्थानीय जेलों में रखना भी ठीक नहीं है। इस वजह से वे किसी न किसी तरह षड्यंत्र कर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो जाते है। आदेश में कहा कि संभव हो तो ललित सक्सेना को जिले के बाहर किसी जेल में रखा जाए।

**सीओ 15 महीने तक दबाए रहीं चार्जशीट, जांच का आदेश**

कृष्णा भारद्वाज केस की चार्जशीट 2 मई 2023 को कोर्ट के समक्ष पेश की गई जबकि केस 21 नवंबर 2021 को दर्ज हुआ था। केस डायरी का आखिरी पर्चा 23 फरवरी 2022 को कटने के साथ विवेचना पूरी हो गई थी। चार्जशीट 24 फरवरी 2022 को सीओ श्वेता यादव को भेज दी गई थी, लेकिन उन्होंने उसे 15 महीने बगैर किसी अधिकार रोके रखा। पुलिस रेगुलेशन एक्ट के पैरा 122 के अनुसार सात दिन से ज्यादा सीओ अपने पास चार्जशीट नहीं रोक सकते। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि तत्कालीन सीओ ने अपने अधिकार का घोर दुरुपयोग कर अभियुक्त को लाभ पहुंचाया। इसलिए उनके विरुद्ध जांच और विभागीय कार्रवाई जरूरी है। कोर्ट ने आदेश की प्रति एसएसपी, एडीजी बरेली जोन और मुख्य सचिव को भेजी है।

# बापू को समर्पित होगी एक लाख वर्ग फिट की रंगोली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर दो अक्टूबर को छावनी परिषद के सहयोग से जनपद के युवा कलाकारों द्वारा एक लाख वर्ग फिट एरिया में भव्य रंगोली सजाई जाएगी। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने बताया कि युवा कलाकारों की टीम द ब्रश बंच क्रेक्टिव आर्ट ग्रुप की ओर से महात्मा गांधी को समर्पित भव्य और आकर्षक रंगोली कैंट क्रिकेट ग्राउंड में तैयार की जाएगी। इस प्रकार का आयोजन जनपद में पहली बार हो रहा है। रंगोली बनाने वाली टीम में प्रदीप शर्मा, शुभम राठौर, रवींद्र कुमार, कुणाल रस्तोगी, सिनिष्ठा, विकास, सपना, यशी, मृदुल समेत कई अन्य कलाकार शामिल हैं, जो अपने हुनर से लोगों को परिचित कराएंगे।


कैंट मैदान पर विशाल रंगोली का खाका तैयार करते कलाकार। ● अमृत विचार

- द ब्रश बंच क्रेक्टिव आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने शुरू की तैयारी

## छात्र संख्या बढ़ाने की ओर एक कदम, प्रधानाध्यापक बच्चों के साथ सेल्फी लेकर अधिकारियों को भेजेंगे

# अब विद्यालयों में प्रतिदिन होगी छात्र संख्या की जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीडीओ ने बनाई योजना, बीईओ को बनाया नोडल अधिकारी

**अमृत विचार :** अब जिले के परिषदीय विद्यालयों में प्रतिदिन छात्र संख्या की जांच होगी। इसके लिए सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने विशेष योजना बनाई है। विद्यालय के प्रधानाध्यायक बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और रसोईया के साथ सेल्फी लेकर बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन को भेजेंगे। सुबह आठ बजे और दोपहर को 12 बजे सेल्फी अधिकारियों को भेजनी होगी। इसके लिए जल्द ही आदेश जारी होने वाला है। सीडीओ ने बेसिक शिक्षा विभाग से मामले में चर्चा कर ली है।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रशासन की ओर से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति की जांच के लिए सीडीओ ने योजना बनाई है। इसके तहत प्रतिदिन अब स्कूल के प्रधानाध्याक को बच्चों, शिक्षक, स्कूल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और रसोईया आदि के साथ सुबह आठ बजे सेल्फी लेनी होगी और खंड शिक्षाधिकारी को भेजनी होगी। बीईओ यह सेल्फी बेसिक शिक्षा अधिकारी और सीडीओ कार्यालय को भेजेंगे। प्रधानाध्यापक को यह सेल्फी दो बार लेनी होगी। सुबह आठ बजे और दोपहर 12 बजे। इसके साथ ही समय समय पर बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन यह जांच करेगा कि समय पर सभी स्कूलों की सेल्फी आई है या नहीं। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बताया कि यह पहल परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए की गई है। ताकि शिक्षक, आंगनबाड़ी और रसोइया सहित पूरा विद्यालय स्टाफ छात्र संख्या बढ़ाने में मदद करे। जिले से कई बार शिकायतें आती हैं कि स्कूलों में छात्र संख्या कम है और इसे बढ़ाने के लिए भी व्यापक प्रयास नहीं हो रहे हैं। इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके लिए अधिकारियों के साथ चर्चा हो गई है। जल्द ही आदेश जारी किया जाएगा।


सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

## एक नजर

### नवरात्र से पहले पूरा कर लें रेस्टोरेशन का कार्य

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2022-23) की तृतीय उप समिति की बैठक सदस्य माघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, चेतराम, उपसचिव शैलेंद्र नाथ मिश्र, निजी सचिव दिलीप कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। समिति ने जल जीवन मिशन ग्रामीण एवं शहरी कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि पाइपलाइन पढ़ने के बाद सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ कराया जाए। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेशन का कार्य नवरात्र से पहले पूरा कर लिया जाए। रेस्टोरेशन का कार्य पूरा होने के बाद प्रधान से प्रमाण पत्र भी लिया जाए। कार्यों की गुणवत्ता का जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण कराए जाने के भी निर्देश दिए।

### वारंटी गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना के उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त अचलेश निवासी बम्हौरा थाना परौर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# एनपीएस धोखा तो यूपीएस को बताया महाधोखा

## विरोध में शिक्षकों-कर्मचारियों ने निकाली आक्रोश बाइक रैली, पुरानी पेंशन बहाली की मांग दोहराई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** ऑल टीचर्स इंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन और नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (अटेवा-एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय आह्वान पर गुरुवार को एनपीएस और यूपीएस के विरोध में आक्रोश बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। रैली से पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज के खिरनीबाग मैदान में सभा की गई, जिसमें शिक्षक और कर्मचारी नेताओं ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग दोहराई।

अटेवा के बैनर तले आयोजित बाइक रैली के लिए तमाम संगठनों के शिक्षक-कर्मचारी खिरनीबाग मैदान में एकत्र हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन यानि ओपीएस के स्थान पर घोषित एनपीएस धोखा और यूपीएस महाधोखा है, इससे सभी को सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा कि यूपीएस में 25 साल की सेवा अनिवार्य है, जो कि हमारे अर्ध सैनिक बलों के साथ अन्याय है। यूपीएस कर्मचारियों को स्वीकार नहीं है और हम तब तक दम नहीं लेंगे, जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती। इस मौके पर विभिन्न संगठनों के शिक्षक और कर्मचारी नेताओं ने भी पुरानी पेंशन बहाली की मांग दोहराते हुए अटेवा के आंदोलन को समर्थन देते हुए बाइक रैली में सहभागिता की।

बाइक रैली जेल रोड, अंटा चौराहा, अंजान चौकी, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए कलक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिया गया। रैली का नेतृत्व अटेवा के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने किया। रैली में विभिन्न शिक्षक और कर्मचारी संगठनों के राजेश यादव, गौरव पांडेय, अमर सिंह, मगरे लाल, अजय वर्मा, ऋषिकांत पांडेय, राजकमल आर्य, विनीत गंगवार, रविंद्र पाल सिंह, विनोद छावला, आशीष भदौरिया, अमित कुमार, प्राची आर्या, रेनू पांडेय, राज कुमार सिंह, विवेक यदुराज, संजीव गंगवार, कैप्टन राम कुमार, गौरी शंकर वर्मा, धनपाल, केएन पाठक, निर्दोष गौतम, योगेश कुमार वर्मा, विनोद कश्यप, नरेश पाल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी शामिल रहे।

- अटेवा-एनएमओपीएस के आह्वान पर जुटे, लगाए नारे


अटेवा संगठन के बैनर तले ओपीएस के विरोध में बाइक रैली निकालते शिक्षक-कर्मचारी।


कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते अटेवा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा।



कलेक्ट्रेट में इकट्ठा होकर एकजुटता प्रदर्शित करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### इन संगठनों ने बाइक रैली में की सहभागिता

अटेवा के बैनर तले निकली बाइक रैली में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, माध्यमिक शिक्षक संघ, अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महासभा, एससी एसटी बेसिक शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन, एससी एसटी बेसिक टीचर एसोसिएशन, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, राजकीय वाहन चालक संघ आदि संगठनों ने प्रतिभाग किया।

### ओपीडी, भीड़ प्रबंधन के गुर सीखेंगे युवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माई भारत पोर्टल के माध्यम से सेवा से सीखें थीम पर आधारित शिक्षण कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज में गुरुवार से शुरू हो गया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा, समर्पण, करुणा जैसे भावों का सृजन करना और अस्पतालों की कार्य प्रणाली, आयुष्मान योजनाओं का प्रचार करना है।

भदौरिया ने बताया कि जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए युवाओं को 120 घंटे का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह प्रशिक्षण में मन लगाकर सहभागिता करें। आयुष्मान भारत के नोडल डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि स्वयंसेवकों को ओपीडी प्रबंधन, हेल्प डेस्क, भीड़ प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद यही युवा मरीजों की मदद कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर अनिल पाल, रिंकी गुप्ता, सतीश कुमार, प्रभुदेवा, नेहा कश्यप, इंद्रजीत, विकास कोली, विशाल वर्मा, नबील आदि युवा शामिल रहे।


पुवायां इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता के बाद स्टाफ के साथ विजयी प्रतियोगी। ● अमृत विचार

# बच्चों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जीते इनाम

संवाददाता, पुवायां

- पुवायां इंटर कॉलेज में हुई मंडल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** पुवायां इंटर कॉलेज में गुरुवार को हुई मंडल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में पीलीभीत बरेली और शाहजहांपुर व बरेली की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें पीलीभीत की टीम नंबर वन पर रही। प्रतियोगिता का आरंभ प्रबंधक राजीव सिंह और प्रधानाचार्य जेपी मौर्य ने फीता काटकर किया। बच्चों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर इनाम जीते।

प्रतियोगिता में पीलीभीत की टीम ने प्रथम स्थान एवं शाहजहांपुर की टीम ने द्वितीय, बरेली की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक राजीव सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाली छात्राओं में अंडर वर्ग 14 में आकांक्षा, रश्मि प्रथम, अंडर 17 में रूपांशी, सोनिका, प्रियांशी प्रथम, अंडर 19 में हिमांशी ,अर्चना ,खुशी मौर्य प्रथम , छात्रों के अंडर वर्ग 14 में मयंक, समीर प्रथम, अंडर 17 में अमित कुमार,कुलदीप कुमार प्रथम , अंडर 19 में शिवांग,अभय प्रथम रहे। प्रतियोगिता में कोच सुमित सिंह, अंग्रेश सिंह ,संजय कुमार मिश्रा, राजीव लोचन गुप्ता, विमल कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव , पुनीत कुमार शर्मा , राहुल रावत , मनोज कुमार ,अजय सिंह सहित पूरे स्टाफ का सहयोग रहा।

# स्वाधीनता संग्राम में अविस्मरणीय है शाहजहांपुर का योगदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र का संबोधन

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक चलने वाली सात दिवसीय विचार श्रृंखला गुरुवार से शुरू हुई। पहले दिन गुरुवार को इतिहास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में शाहजहांपुर का योगदान विषयक गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने कहा कि स्वाधीनता संघर्ष में शाहजहांपुर का योगदान अविस्मरणीय है।

मुख्य अतिथि डॉ. मिश्र ने कहा कि काकोरी कांड के बाद जनपद का नाम पूरे विश्व में छा गया था। वहीं, 1857 में भी 28वीं नेटिव इंफ्रेंट्री की पहली बटालियन ने जवाहर राय के नेतृत्व में क्रांति का बिगुल फूंका था। शहीद निजाम अली खां के प्रपौत्र कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष तसनीम अली खां ने कहा कि शाहजहांपुर शहीदों की धरती है। इसके चारों कोनों में अमर शहीदों की मजारें हैं। मौलवी अहमद उल्लाह शाह, निजाम अली, अशफाक उल्लाह खां सहित सैकड़ों क्रांतिकारियों की मजारों से जनपद तीर्थ स्थल से कम नहीं है। कवि इंदु अजनबी ने स्वरचित शत शत नमन काकोरी रचना सुनाकर तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुमुक्षु संकुल अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने बताया कि कॉलेज के इतिहास विभाग के संयोजन में जनपद के गौरवशाली इतिहास और लोगों द्वारा स्वाधीनता संघर्ष में दिए गए योगदान को पुनः लिपिबद्ध करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने सांस्कृतिक गौरव से जुड़ सकें। इससे पहले सचिव डॉ. एके मिश्रा ने अतिथियों को सम्मानित किया। विषय स्थापना विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना ने की। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. कविता भटनागर ने टीम के साथ शाहजहांपुर गौरव गीत प्रस्तुत किया। उप प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल के संचालन में चली गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने आभार व्यक्त किया। डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. प्रभात शुक्ला, डॉ. शालीन कुमार सिंह, डॉ. राम शंकर पांडेय, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. पद्मजा मिश्रा, डॉ. एसपी डबराल डॉ. धर्मवीर, राजू बग्गा, डॉ. सचिन खन्ना आदि मौजूद रहे।


संबोधित करते मुख्य अतिथि पूर्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र।


एसएस कॉलेज के इतिहास विभाग में हुई गोष्ठी में मौजूद शिक्षक एवं शिक्षार्थी। ● अमृत विचार

## तैयारी — ओसीएफ की प्रख्यात रामलीला की व्यापक व्यवस्थाओं को बनीं 15 समितियां

# सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से होगी ओसीएफ रामलीला की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सुरक्षा, स्वास्थ्य, खानपान मनोरंजन, पेयजल व शौचालयों के रहेंगे व्यापक प्रबंध
- मेला संरक्षक ओसीएफ महाप्रबंधक ने दी श्री रामलीला और मेला प्रदर्शनी संबंधी जानकारी

**अमृत विचार :** ओसीएफ की प्रख्यात श्री रामलीला एवं मेला प्रदर्शनी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। साथ ही दर्शकों की सुख-सुविधाओं के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

मेला परिसर और आसपास के मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, साथ ही सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती रहेगी। इस संबंध में मेला आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक ओसीएफ महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने मीडिया को जानकारी दी। मेला की तमाम व्यवस्थाओं के लिए 15 समितियां बनाई गई हैं, जिनमें फैक्ट्री के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि फैक्ट्री के विशाल मैदान में लगने वाली मेला प्रदर्शनी में दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 40 से 50 फीट चौड़े रास्ते दिए जा रहे हैं। दर्शकों के लिए शुद्ध पेयजल और शौचालयों की समुचित व्यवस्था रहेगी। पानी के टैंकरों के अतिरिक्त निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर निर्माणी की सुरक्षा टीम के साथ पुलिस कैंप, होमगार्ड कैंप तथा सीएमपी कैंप लगाए जा रहे हैं। लोकल इन्टेलिजेंस की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखी जाएगी, जिसके लिए मैदान में प्रमुख स्थानों पर क्लोज सर्किट कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मेडिकल तथा फायर ब्रिगेड कैंप भी लगाए जा रहे हैं, जिनमें एम्बुलेंस तथा फायर ब्रिगेड वाहन आदि की व्यवस्था भी रहेगी।

श्रीरामलीला के साथ ही श्री दुर्गा पूजा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी कराई जाएगी। महाप्रबंधक ने बताया कि पूरे मेले पर नजर रखने के लिए मैदान के बीच काफी ऊंचाई पर वाच टावर बनवाया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था की भी पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने बताया कि मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के छोटे-बड़े झूले, खेल-तमाशे, फूड जोन, तमाम प्रकार की खरीददारी के लिए सैकड़ों दुकानें लगेंगी। श्रीरामलीला मंचन एवं प्रदर्शनी के पूरे मैदान में कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा। मैदान में तीन स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था रहेगी, जहां वाहन खड़े किए जा सकेंगे। इस अवसर पर विभिन्न समितियों के संरक्षक एम शिवशंकर, अपर महाप्रबंधक एवं मेला समिति के अध्यक्ष एके वर्मा, महासचिव ऋषि बाबू, सचिव अमन कुमार, उप महाप्रबंधक अनु सक्सेना, विनीत कुमार श्रीवास्तव, राज कमल शर्मा, राजेश कंचन, गोविंद कृष्ण बाजपेयी, देवेंद्र कुमार सक्सेना, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, राहुल, गोपाल कृष्ण आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



फैक्ट्री क्लब हॉल में श्रीरामलीला और मेला प्रदर्शनी संबंधी जानकारी देते महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा। ● अमृत विचार

### एक अक्टूबर से शुरू होगी रामलीला

ओसीएफ की प्रख्यात श्री रामलीला एवं प्रदर्शनी का आरंभ एक अक्टूबर को श्री गणेश स्थापना के साथ होगा। इसके बाद दो अक्टूबर से नित्य शाम सात से रात 10 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। रावण वध और पुतला दहन 13 अक्टूबर को तथा 14 अक्टूबर को अपराह्न 3 .30 बजे राजगद्दी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन रात आठ बजे भरत मिलाप एवं श्रीराम राज्याभिषेक लीला का मंचन किया जाएगा। श्री रामलीला के बाद पारंपरिक रूप से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा 26 अक्टूबर को रात्रि नौ बजे से होगा।

# बैडमिंटन सिंगल्स में कोमल, अमरदीप जीते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डबल्स मुकाबले में आरिश-मयंक की जोड़ी बनी विजेता
- जीएफ में अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता को चुनी गई टीम

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में गुरुवार को जिम्नेजियम हॉल में महिला-पुरुष कॉलेज स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन पर अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए कालेज टीम का चयन हुआ।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में महिला वर्ग का एकल मैच कोमल पांडेय व अंजलि के बीच खेला गया, जिसमें कोमल पांडेय विजयी रहीं। डबल्स में साक्षी गुप्ता एवं निष्ठा शुक्ला की जोड़ी ने अलीशा नायब व अंजलि की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरुष वर्ग के सिंगल में अमरदीप ने मयंक को 21-06 और 21-12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डबल्स में आरिश हुसैन और मयंक सक्सेना की जोड़ी ने शिवांश और श्रेयांश की जोड़ी को 21-05, 21-08 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं और उपविजेताओं को अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए कालेज टीम में शामिल किया गया। रेफरी की भूमिका डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. सैयद साद और डॉ. निजामुदीन खान ने निभाई।


अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए चयनित बैडमिंटन टीम।

### जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है खेल

इससे पहले प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। क्रीड़ा सचिव प्रो. फैयाज अहमद ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेलों से मन-शरीर स्वस्थ रहता है और व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है। बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष सैयद अनीस अहमद ने आभार व्यक्त किया। क्रीड़ा-विभाग के डॉ. मोहम्मद काशिफ नईम, डॉ. शाइस्ता खान, डॉ. इमरान खान आदि का सहयोग रहा।

# आईएमए की नई कार्यकारिणी गठित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आईएमए भवन में शाहजहांपुर की वार्षिक जनरल बॉडी मीटिंग गुरुवार को हुई। जिसमें 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ चुनाव कमिश्नर डॉ. के पीके गुप्ता के निर्देशन में हुआ। सर्वसम्मति से डॉ. एसके जैन को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, डॉ. मोहित मोहन को सचिव व डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. एसके जैन ने कहा कि संगठन के सदस्य मिलकर जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। साथ ही सदस्यों के हितों की रक्षा करेंगे। डॉ. मोहित मोहन ने चिकित्सा के जरिये समाजसेवा के साथ ही संगठन की ओर से दी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प दोहराया।


डॉ. एसके जैन।


डॉ. मोहित मोहन।

- डॉ. एसके जैन अध्यक्ष डॉ. मोहित मोहन को मिली सचिव पद की जिम्मेदारी


डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला।

बैठक की शुरुआत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा की ओर से आईएमए वंदना से हुई। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने अपने कार्यकाल में आईएमए के सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। निवर्तमान कोषाध्यक्ष डॉ. मनमोहन लाल गुप्ता ने वित्तीय ब्यौरा दिया। निवर्तमान सचिव डॉ. गौरव मिश्र ने 2022-24 के कार्यकारिणी के कार्यों का ब्यौरा सौंपा। डॉ. पीके अग्रवाल ने सदस्यों को धन्यवाद दिया।

इस दौरान डॉ. रामनाथ टंडन, डॉ. ब्रजेंद्र सक्सेना, डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. राकेश दीक्षित, डॉ. दीपा दीक्षित, डॉ. रश्मि बहल, डॉ. अनिल सूद, डॉ. मधुर कश्यप, डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. रिज़वान, डॉ. हिकमत उल्ला सिद्दीकी, डॉ. आकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, बदायूं सहित कई जिलों का सुगम होगा आवागमन

# कोलाघाट के नवीन पुल को 16683.22 लाख का बजट पास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुख्यमंत्री ने 2-लेन के नए पुल के लिए स्वीकृत की धनराशि, लाखों लोगों का होगा फायदा
- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने लोक निर्माण मंत्री कार्यकाल में भेजा था प्रस्ताव


केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद।

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र में कोलाघाट पुल (रामगंगा-बहगुल नदी) पर नया 2-लेन पुल का निर्माण होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य भी होंगे। जिसके लिए 16683.22 लाख की धनराशि सीएम योगी ने स्वीकृत कर दी गई है। नया पुल बनने से शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद, बदायूं सहित कई जिलों को आवागमन सुलभ होगा। पुल के निर्माण से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा। कोलाघाट के नवीन पुल के निर्माण के लिए धनराशि जारी होने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कोलाघाट पुल के पिलर जमीन में धंस जाने के बाद पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था, यहां तक कि चौपहिया वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी मिलने पर मंत्री जितिन प्रसाद ने नवीन पुल का निर्माण कराने के प्रयास अपने कैबिनेट मंत्री के कार्यकाल में किए थे। मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने हरियाणा से चुनाव प्रचार के बीच दूरभाष पर उन्हें निर्माण कार्य को वित्तीय स्वीकृति मिलने की जानकारी दी।

मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि कोलाघाट पर पूर्व में निर्मित पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत होने के बाद भी तकनीकी कारणों से यातायात संचालन में विलंब हो रहा है, जिसको देखते हुए और भविष्य में बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए उन्होंने नए पुल का निर्माण कराने की बात सोची थी। अपने लोक निर्माण मंत्री रहते हुए समानांतर दूसरे नए पुल का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के पास स्वीकृति के लिए भेजा था। उनके इस जनहित के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने से आत्मिक संतोष हुआ है।

चूंकि अब धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, इसलिए नवीन पुल का निर्माण भी जल्द शुरू होने की संभावना है। कोलाघाट का नवीन पुल बनने के बाद शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद, बदायूं समेत तमाम जनपदों का सफर सुगम हो जाएगा।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कस्बा सिंधौली की एक महिला ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तीन जुलाई की शाम सात बजे वह अपने कमरे में खाना खा रही थी। गांव के कल्लू, विशाल व रामगोपाल उसके मकान में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गलत नीयत से उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### डंपर से कुचलकर मजदूर की मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** बजरी ढोने वाले डंपर से कुचल कर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहराइच के नानपारा के गांव विशुनापुर निवासी भजऊ पुत्र संतराम (40) शाहजहांपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने रोड बनाने वाली कंपनी के प्लांट पर मजदूरी करता था। गुरुवार को बजरी लेकर एक डंपर आया। जिसने उसे कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कंपनी के एक व्यक्ति ने बताया कि परिजनों को उसकी मौत की जानकारी दे दी गई है।

### दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव नगला बनवारी निवासी गोविंद मौर्य और पड़ोसी नमूद में बुधवार की सुबह गली में कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। नमूद के घर में शादी समारोह होना है। आरोप है कि उसने कूड़ा एकत्रित करके गोविंद के दरवाजे पर डाल दिया था। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। एक पक्ष के गोविंद ने नमूद, खुशनूद, फरनूद और दूसरे पक्ष के खुशनूद ने गोविंद, घनश्याम, वीरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### छात्र को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला ककरा कला निवासी कार्तिक कश्यप ने बताया किवह देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे स्कूल के लंच के समय कॉलेज गेट के बाहर समोसा खाने के लिए गया। कक्षा का ही छात्र मोनिस खां व मोईन खां उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर दोनों लोगों ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

# छुट्टा पशु हटाने को 31 अक्टूबर तक का दिया समय

## कलेक्ट्रेट में बैठक कर दिए कड़े आदेश, कहा- इसके बाद सड़कों पर दिखे तो नपेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा, नई बनी गोशालाओं में जल्द किए जाए संरक्षित
- लोगों से की पालतू पशु सड़क पर न छोड़ने की अपील
- सड़कों पर भैंसों का समय किया जाएगा निर्धारित

**अमृत विचार :** जिले में छुट्टा पशु मुसीबत बने हैं। इसे देखते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर चेतावनी देते हुए कहा कि 31 अक्टूबर के बाद छुट्टा पशु सड़कों पर दिखाई न दें वरना संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं। डीएम ने गोशालाओं की क्षमता बढ़ाने, नई बनी गोशालाओं को पूरा कर पशुओं को संरक्षित करने और अधिकारियों से छुट्टा पशुओं को लेकर और सतर्कता बतरने के निर्देश दिए हैं।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस समय उनका मुख्य ध्यान छुट्टा पशुओं को संरक्षित कर गोशालाओं में भेजना है। उनका लक्ष्य है कि 31 अक्टूबर तक छुट्टा पशुओं को गोशाला पहुंचा दिया जाए। जो भी गोशालाएं संचालित हो रही हैं उनका विस्तार किया जाएगा। प्रशासन की ओर से 75 लघु गोशालाओं का निर्माण कार्य कराया गया है। जिनकी शुरुआत 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर करने के निर्देश दिए। गोशालाओं के निर्माण के साथ-साथ नंदीशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने यहां देखा कि छुट्टा पशुओं के साथ लोग पालतू पशु भी खुले छोड़ देते हैं। इसको लेकर लोगों से अपील की है कि वह पालतू पशुओं को सड़क पर न छोड़े। उन्होंने बताया कि महानगर की सड़कों पर निकलने वाली भैंसों का समय निर्धारित किया जाएगा। जिससे कि जाम की समस्या से निजात दिलाई जा सके।



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। • अमृत विचार

### हर ब्लॉक में हो एक वृहद गोशाला

गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट में बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों में एक-एक वृहद गोशाला अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने जनपद में बने वृहद व लघु गो संरक्षण केंद्रों तथा उनमें आश्रित गोवंशों की संख्या की जानकारी ली। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गोशालाओं में संरक्षित गायों के लिए भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को उप जिलाधिकारी के साथ बैठक कर जिले में नई गोशालाओं के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह गोसंरक्षण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। जिलाधिकारी ने गोपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभागिता योजना का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

### सभी निकायों में हों कैटल कैचर वाहन

जिलाधिकारी ने नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निकायों में कैटल कैचर वाहन आवश्यक रूप से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि 31 अक्टूबर तक सड़कों पर निराश्रित गोवंश घूमते नहीं नजर न आएं। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी व नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना अंतर्गत लोगो को गोवंश पालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी गोशालाओं का औचक निरीक्षण करते रहें। गोशालाओं में धान की पराली संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बना ली जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सहित मुख्य पशु चिकित्सा, सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# बंद मकान में चोरी करने के आरोपी को पकड़ा, जेल भेजा

संवाददाता, पुवायां

- पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का माल किया बरामद

**अमृत विचार :** बंद मकान में चोरी करने के आरोपी गांव गंगसरा के पवन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी गया माल भी बरामद कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।


पकड़ा गया आरोपी।

गंगासरा निवासी पिंटू पुत्र राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कई माह पूर्व वह चाऊमीन का ठेला लगाता था, जिससे परिवार का पालन पोषण नही हो पाने के कारण मकान में ताला डाल कर बाहर मजदूरी करने चले गया। 24 सितंबर को जब वापस आया तो देखा कि मकान का ताला टूटा था और घरेलू सामान बिखरा पड़ा था। पिंटू ने बताया कि चोर ने उसके घर से छह गैस सिलेंडर, एक पंखा, दो ठेली के पहिए, 10-12 भगौने, 25 प्लेट, कढ़ाई एवं परात चोरी कर ली। चोरी की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी पवन निवासी गंगासरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की, पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए माल में से पांच गैस सिलेंडर, पंखा, दो ठेली के पहिए, 6 भगौना, 25 प्लेट बरामद की।

### मजदूरी नहीं मिलने पर की थी चोरी

अभियुक्त पवन ने बताया कि पिंटू के साथ पार्टी में खाना बनाने का काम करता था। उससे 500 रुपये प्रतिदिन मजदूरी तय हुई थी। उसने 20 दिन कार्य किया था। उस पर मजदूरी के 10 हजार रुपये शेष थे। अभियुक्त उससे रुपये मांगता था, तो आनाकानी करता था। उसे सबक सिखाने के लिए चोरी की थी। उसने कुछ सामान कबाड़ी को बेच दिया था।

# जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत

संवाददाता, पुवायां

- मारपीट से आहत होकर लखविंदर ने किया था जान देने का प्रयास
- पुवायां में एक माह पहले हुई थी घटना, पांच लोगों पर दर्ज है रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सरेआम मारपीट से आहत होकर जहरीला पदार्थ खाने वाले गांव मरौरी जप्ती निवासी लखविंदर की एक माह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामले में पुलिस ने मृतक लखविंदर के पिता रामनिवास की ओर से गांव के ही पांच लोगों चंद्रभाल पुत्र जवाहर, योगेश पुत्र चंद्रभाल, अभिषेक पुत्र चंद्रभाल, अमर सिंह पुत्र डालचंद, अवधेश पुत्र मोरपाल के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। रामनिवास ने 24 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि गांव के चंद्रभाल, योगेश, अभिषेक, अमर सिंह व अवधेश पुरानी रंजिश मानते थे। 23 अगस्त को सुबह सात बजे गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। शोर सुनकर पुत्र लखविंदर बचाने आया तो सभी लोग एक राय होकर लात घूसों व लाठी डंडों से उसे पीटने लगे। मारपीट से आहत होकर लखविंदर ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लखविंदर का अस्पताल के बाद घर से इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मौत हो गई। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि इस मामले में मुकदमा पहले ही दर्ज था, अब अन्य धाराएं विवेचना के दौरान बढ़ा दी जाएगी।

### विवाहिता की मौत मामले में झोलाछाप पर रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिसैया नगला में विवाहिता की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कृपाल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी निशा (22) की करीब तीन दिन पहले बुखार के कारण तबीयत खराब हो गई थी। जिसे झोलाछाप श्यामवीर निवासी लक्ष्मनपुर को दिखाया था। 23 सितंबर को वह निशा को श्यामवीर के यहां दिन में एक बजे लेकर गया था। श्यामवीर ने उसे बोतल चढ़ाई और इंजेक्शन भी लगाए थे। निशा की शाम करीब चार बजे मृत्यु हो गई थी। आरोप लगाया कि लापरवाही के कारण मृत्यु हुई थी। कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### पेड़ पर गमछे से लटका मिला वृद्ध का शव

**अल्हागंज, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद के गांव दहेलिया निवासी राम प्रकाश(65) अल्हागंज क्षेत्र के गांव कनकपुर में अपने भांजे विवेक के घर दो दिन पहले आए थे। बुधवार की सुबह फर्रुखाबाद जाने के लिए निकले थे। ब्रजेश ने गांव कनकपुर में फोन करके बताया कि चाचा राम प्रकाश घर नहीं पहुंचे। वह अपने चाचा की तलाश में आया। गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ से गमछे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# विधायक के पति को मिली धमकी रिपोर्ट दर्ज

**निगोही/ शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विधायक सलोना कुशवाहा के पति को अखंड भारत ग्रुप के एडमिन ने व्हाट्सएप पर असम्मानजनक चैट का विरोध करने पर धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के पति मिश्रीपुर निवासी डॉ. राम सिंह कुशवाहा ने निगोही थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अखंड भारत व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन ने उनके मोबाइल नंबर को अपने ग्रुप में एड कर लिया है, जबकि वह ग्रुप एडमिन को जानते नहीं हैं। विधायक पति ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में उनके प्रति कुछ असम्मानजनक एवं अभद्र चैट अंकित कर प्रेषित की गई। विरोध जताने पर ग्रुप एडमिन ने और ज्यादा अशोभनीय, अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर धमकी भरे लहजे में चैट की। विधायक पति ने मामले की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

# महिला अधिकारी से गाली गलौज और अश्लील हरकतें करने के दो आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 24 सितंबर की रात साढ़े आठ बजे टीम टीम के साथ छुट्टा पशु को पकड़ने गई थीं अधिकारी
- आरोपियों ने सरकारी कार्य में डाली बाधा, ट्रॉली में मारे डंडे, बाकी आरोपियों की कर रही तलाश

**अमृत विचार :** जिले में छेड़छाड़ की वारदातें दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। एक महिला अधिकारी से अश्लील हरकतें का मामला प्रकाश में आया है। महिला अधिकारी टीम के साथ छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए गई तो शराब के नशे में उनके साथ अश्लील हरकतें की गई। मामले में कांट पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बाकी आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी है।

शासन के निर्देश हैं कि सड़कों पर पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। ग्राम पंचायत में छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जा रहा है। ददरौल ब्लॉक की एक महिला अधिकारी 24 सितंबर की रात साढ़े आठ बजे टीम के साथ पिपरौला रोड पर छुट्टा पशुओं की तलाश में निकली। उन्होंने पशुओं को पकड़वाकर एक ट्रॉली में बंद करवा गोशाला भिजवाने की तैयारी कर रही थी। उनका आरोप है कि मुनीजर, शेरसिंह, जयपाल, रामसिंह शराब के नशे में आए और ट्रॉली को रोक लिया। आरोप है कि आरोपी गाली गलौज करते हुए ट्राली में डंडे मारने लगे और उनके साथ अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला अधिकारी से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। जिसके बाद महिला अधिकारी ने कांट थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मुनीजर, शेर सिंह, जयपाल, रामसिंह और एक अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। कांट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने गुरुवार को दिन में 11 बजे खुर्रम भट्टे के पास मुनीजर व शेरसिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रामू, मुख्य आरक्षी राजकुमार, संजीव कुमार थे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### छात्रा से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** क्षेत्र के एक गांव के युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री कंपोजिट विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ती है। 24 सितंबर को उसकी पुत्री कोचिंग पढ़ने जा रही थी, तभी पिपरिया चौहान थाना निगोही निवासी सुभाष पुत्र सोनपाल हाल निवासी नवाबपुर गंगा ने छेड़छाड़ की। शोर शराबा होने पर वह भाग गया और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## परेशानी

### खुटार में वनकर्मियों ने काबिंग कर देखा नुकसान, किसानों को किया सचेत

# किसानों को सता रहा डर... फिर न लौट आएं उत्पाती हाथी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नेपाल से खुटार पहुंचे हाथियों के झुंड द्वारा की गई फसलों की बर्बादी के बाद खदेड़े जाने पर हाथियों का झुंड भले ही लखीमपुर खीरी के मैलानी जंगल में पहुंच गया हो लेकिन किसानों को डर सता रहा है कि कहीं हाथियों का झुंड फिर से न लौट आए। किसानों की इस चिंता को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को जांच की और किसानों से मिलकर सचेत रहने की अपील की। साथ ही खुटार-मैलानी जंगल किनारे वनकर्मियों ने कांबिंग की है। उनका कहना है कि हाथियों का झुंड जंगल से होकर गांव सुआबोझ की तरफ चला गया है लेकिन खुटार से सटे जिला लखीमपुर खीरी में हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। वन विभाग हाथियों की लोकेशन लगातार ट्रेस कर रहा है।


हंसपुर गाव में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। • अमृत विचार

- 24 सितंबर की रात हाथियों ने उजाड़ दी थी दस बीघा खेतों में खड़ी फसल

24 सितंबर की रात को चार से अधिक किसानों का हाथियों ने फसल उजाड़ दी थी। करीब दस बीघा फसल बर्बाद हो गई थी। किसानों के अथक प्रयास करने के बाद हाथियों के झुंड को जंगल में खदेड़ दिया था और लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। इसके बावजूद वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचने की जरूरत नहीं समझी थी। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने इस मामले की जानकारी से इनकार किया था और किसी ने सूचना नहीं दी यह बात कही थी। सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार को रेंजर ने वनकर्मी संतोष गौड़, संजीव कुमार अन्य वनकर्मियों को गांव हंसपुर पहुंच कर जांच कर किसानों से मिलकर सचेत देने के निर्देश दिए। इसके बाद वनकर्मी गांव पहुंचे। जहां किसानों से मिले और जानकारी की। उन्होंने किसानों से कहा कि हाथियों के आने की सूचना मिलते ही वन विभाग को दे। जिससे समय से हाथियों को जंगल में खदेड़ सके और नुकसान बच सके। साथ ही किसानों को सतर्कता बरतने की अपील की। इसके बाद वनकर्मियों ने जंगल किनारे कांबिंग की है। उधर, माना जा रहा है कि जिन किसानों की फसलों को हाथियों के झुंड ने तबाह किया है। उन किसानों से वनकर्मी नहीं मिल सके। जिससे नुकसान होने का आकलन साफ नहीं हो सका है। लेकिन किसानों ने करीब दस बीघा फसल उजाड़ने की बात कही थी। वनकर्मियों ने किसानों को समझाने और कांबिंग करने के बाद वापस लौट गए।

### खेतों पर रहकर रखवाली को हुए मजबूर

हाथियों के झुंड का खुटार में दस्तक देने के बाद किसानों के पसीने छूटने लगे है। वजह है कि किसानों की फसलें खेतों में तैयार खड़ी है। जिसके चलते किसान चिंता में है। वन विभाग से कहीं ज्यादा किसान हाथियों के झुंड की लोकेशन ट्रेस करने में जुटा हुआ है। जंगल किनारे बसे गांव के किसान एक दूसरे से मोबाइल फोन पर हाथियों की आने की बात पूछ रहे है। साथ ही किसान खेतों पर रहकर रखवाली कर रहा है। जिससे किसान बेहद परेशान है।

> हंसपुर गाव में जांच के लिए टीम को भेजा गया था। जांच कराई गई है। साथ ही वनकर्मियों से कांबिंग को भी कहा गया है। अब हाथियों की लोकेशन मैलानी खीरी की तरफ की है।
>
> **- सुशील कुमार**, एसडीओ, वन विभाग

# कार ने बाइक को मारी टक्कर चार लोग घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** हरदोई के मझिला थाना के गांव कैमी निवासी जमालुद्दीन गुरुवार की शाम बाइक से अपनी रिश्तेदारी में कटरा क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर जा रहा था। उसकी बाइक पर उसकी पत्नी सलमा मंसूरी, पुत्र खुशदिल व पुत्री जोया मंसूरी सवार थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शारदा नहर की पुलिया के निकट बाइक मोड़ी तो कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह, उसकी पत्नी व दोनों बच्चें घायल हो गए। इस दौरान जमालूद्दीन के रिश्तेदार आ गए। लोगों ने कार को पकड़ लिया। कार चालक शाहिद व उसके भाई दानिश निवासी फतेहपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली की पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पिटाई करने वाले दो लोगों को पकड़ लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से विधायक का गनर घायल


संवाददाता, तिलहर

- मेडिकल कॉलेज रेफर, हाईवे पर कपसेड़ा के पास हुई घटना

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस के गनर की बाइक को सामने से ई रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे गनर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने गनर को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बिजनौर के मंडावली थाना के मिर्जापुर गांव निवासी हर्षल राणा पुलिस लाइन में तैनात है। वह कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस के गनर है। घर जाने के लिए छुट्टी स्वीकृत होने के बाद वह कार्बाइन को पुलिस लाइन में जमा करने के लिए गुरुवार शाम सात बजे बाइक से जा रहे थे। नेशनल हाईवे स्थित कपसेड़ा गांव के सामने उल्टी साइड में बिना लाइट के आ रहे ई रिक्शा में उनकी बाइक टकरा गई, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए। राहगीरों ने सूचना कोतवाल विशाल प्रताप सिंह को दी। वह मौके पर पहुंचे और घायल गनर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया ई रिक्शा चालक ई रिक्शा छोड़कर मौके से भाग गया है। ई-रिक्शा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और घायल हर्षल राणा के परिजनों को सूचना दे दी गई है।


अस्पताल में भर्ती गनर व मौजूद पुलिस।







## गन्ना विकास समिति में हुए 667 नामांकन

**पुवायां, अमृत विचार :** गन्ना विकास समिति के चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। सामान्य निकाय प्रतिनिधियों के नामांकन दाखिल करने को गुरुवार शाम पांच बजे तक का समय था, जिसमें 872 डायरेक्टर पद के सापेक्ष 667 नामांकन दाखिल किए गए। सरकारी गन्ना समिति पर सहायक निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार अमित कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र 742 खरीदे गए लेकिन 667 लोगों ने जमा किए हैं। शुक्रवार को नामांकन पत्र की जांच के बाद वैध नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशित की जाएगी। 30 सितंबर को नामांकन वापसी होगी और फिर शाम को प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट लगा दी जाएगी। तीन अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान के पश्चात मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रबंध समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।




























# मच्छरों का प्रकोप...बिजली ने उड़ाई नींद

## कलान कस्बे में स्वच्छता के नाम पर खानापूर्ति, बढ़ रहे बुखार के रोगी

संवाददाता, कलान


कलान में सार्वजनिक स्थान पर फैली गंदगी। ● अमृत विचार


सफाई नहीं होने से चोक नाली।

**अमृत विचार :** कस्बे में मच्छरों का प्रकोप ऊपर से बिजली कटौती ने कस्बे के लोगों की नींद हराम कर दी है ।मच्छरों के डंक से लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिससे बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है लेकिन जिम्मेदार लोग साफ सफाई व्यवस्था के प्रति बेपरवाह बने हुए हैं। इस पर कस्बा वासियों ने नाराजगी जाहिर की है।

सोमवार रात बिजली का हाल बेहद खराब रहा। शाम से ही बिजली कटौती शुरू हो गई। 10 बजे के बाद बिजली तो आई लेकिन आना और फिर चला जाना। इस तरीके से रात 12 बजे तक बिजली का सिलसिला चलता रहा। जिससे लोगों के घरों में लगे विद्युत उपकरण भी शोपीस बन गए और गर्मी के कारण लोग परेशान दिखे। मच्छरों का हमला और बिजली कटौती ने लोगों की नींद दुश्वार कर दी है। दिन में भी बिजली कटौती के कारण लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं और जिम्मेदार जिम्मेदार लापरवाह हैं। जिसके चलते समस्या बनी हुई है।

कस्बा वासियों ने जिला अधिकारी से शीघ्र एंटी लार्वा का छिड़काव व बिजली व्यवस्था सुचारु कराए जाने की मांग की है।

वहीं कस्बे में इस समय जरूरतमंद सुविधाएं लोगों के लिए नसीब नहीं हो पा रही हैं। लोग समस्याओं के बीच जीवन यापन करना मजबूरी समझ रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस समय कस्बे में सफाई व्यवस्था का हाल ठीक नहीं है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा होना, गंदा पानी भरा रहना आम बात है। परौर रोड पर मुख्य बाजार के सामने एक स्थान पर गंदगी व जल भरा है। नाले-नालियों की सफाई नहीं होने के कारण भी नालियों में कीचड़ है। मोहल्ला उल्फत नगर में भी कई स्थानों पर कीचड़ है, जिससे मच्छरों की फौज पनप रही है। मच्छरों के प्रकोप से लोग बुखार आदि से पीड़ित हो रहे हैं। रात में एक तो मच्छरों का हमला उसपर बिजली कटौती बड़ी मुसीबत बनी हुई है।

- **लोगों ने डीएम से की बिजली व्यवस्था सुचारू कराए जाने व एंटी लार्वा के छिड़काव की मांग**


कस्बे में साफ सफाई के नाम पर स्वच्छता का अभियान केवल फोटो में दिखाया जा रहा है। जगह-जगह गंदगी है और जल भराव के कारण मच्छर पनप रहे हैं, जो परेशान कर रहे हैं। **– अनिल**


नफीस जो जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही हैं, इसके लिए जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए और जल्द से जल्द समस्याएं दूर होनी चाहिए। **– नफीस**


मच्छरों का प्रकोप बहुत है। दिन में भी मच्छर हमला कर देते हैं, रात को तो मच्छरों का इस कदर प्रकोप रहता है कि सोना भी मुश्किल हो रहा है। बिजली नहीं आने से लोग परेशान हो जाते हैं। **– विपिन**


इस समय एक तो गर्मी बहुत पड़ रही है और फिर भी बिजली कटौती भी बढ़ गई है। बिजली न मिलने से कस्बे के लोगों की समस्याएं और ज्यादा बढ़ी हुई हैं, लोग परेशान हैं। **– शैलेंद्र**

> ओवरलोड के कारण बिजली लाइनों में फॉल्ट आ जाता है। जिससे आपूर्ति प्रभावित होती है। पूरा प्रयास रहता है कि बिजली सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को मिले।
> **– सुरेंद्र शर्मा**, एसएसओ विद्युत उपकेंद्र कलान

## जान से मारने की नीयत से युवक पर किया फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र के कांट रोड स्थित इप्सा कॉलोनी निवासी मुकेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी सौरभ गुप्ता व गौरव गुप्ता निवासी हुंडाल खेल चौक कोतवाली से पुरानी रंजिश चल रही है।

सोमवार की रात पौने दस बजे दोनों आरोपी अपने साथियों के साथ कार से साउथ सिटी गेट के सामने आए। वह अपनी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान की छत पर कुछ काम करा रहा था। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उस पर फायर किया, जो बाल-बाल बच गया। शोरगुल होने पर लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुसीबत में हों तो डायल करें 1098

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कंपोजिट विद्यालय रोजा में जागरुकता कार्यक्रम कर चाइल्ड हेल्प लाइन टीम द्वारा बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर का लाइव डेमो कराया गया।

महिला कल्याण विभाग की ओर से गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार शर्मा ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का लाइव डेमो कराया और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए गुड और बैड टच के विषय में बताया।

साथ ही यह भी बताया गया कि 0 से 18 वर्ष तक के बेसहारा, मुसीबत में फंसे बच्चे, गुमशुदा तथा बाल श्रम में लिप्त बच्चों की मदद के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 24 घंटे सेवा प्रदान करती है।


बच्चों को उनके अधिकार बताते चाइल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार शर्मा ।

- **कंपोजिट विद्यालय रोजा में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर का कराया गया लाइव डेमो**

चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के अलावा अन्य हेल्पलाइन नंबरों 1090,181,112, ,108,1076 के बारे में भी जानकारी दी गई। वन स्टाप सेंटर से प्रियांशी पांडेय ने वन स्टाप सेंटर ,जिला बाल संरक्षण इकाई, कन्या सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के विषय में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल शैली गुप्ता सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

वहीं रोजा थाने में हुए आउटरीच कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस से सहयोग की अपेक्षा की गई।

## महानगर में डेढ़ लाख सदस्य बनाएगी भाजपा


जानकारी देतीं मेयर अर्चना वर्मा, साथ में महानगर प्रभारी पुष्पेंद्र शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भाजपा के महानगर जिला प्रभारी पुष्पेंद्र शर्मा ने गुरुवार को लोगों को मिस्ड कॉल करवा कर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

मेयर अर्चना वर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि महानगर में भाजपा का डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए लगातार मिस्ड कॉल करवा कर सदस्यता दिलाई जा रही है। अब तक 50 हजार से ज्यादा लोग भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। 15 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान एससी/एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना, चौक अध्यक्ष वैभव खन्ना, राजेश वर्मा, आईटी सेल प्रभारी नितेश आदि रहे।

- **मेयर और जिला प्रभारी ने मिस्ड कॉल करवा कर भाजपा की सदस्यता दिलाई**

## एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**सिंधौली, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को मांग पत्र देकर लौटे जीवन दायिनी स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सिकंदर खां ने बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं तथा सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन पर विस्तृत चर्चा की। गुरुवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सिकंदर खां ने बताया कि संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर मांगपत्र सौंपा है। पाठक ने एक सप्ताह में बैठक कर समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके संगठन को सरकार पर पूरा भरोसा है। निश्चित रूप से सरकार समस्याओं पर विचार कर उनका निस्तारण करेगी जिसके बाद संगठन द्वारा लखनऊ में आभार सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान जिला महामंत्री सुधीर सिंह, राकेश कुमार, सौरभ, बबलू गंगवार, अनुभव गुप्ता, मनोज कुमार, आशुतोष सिंह ने भी संबोधित किया।

## डेली गेट चुनाव को आज होंगे नामांकन

**तिलहर, अमृत विचार :** चीनी मिल के डेली गेट चुनाव को लेकर आज नामांकन होंगे। चीनी मिल डेलिगेट चुनाव को संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा एसडीएम जीत सिंह राय को निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी तथा मोहम्मद रिजवान खान को सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में तैनात किया है। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी डीके राय ने बताया कि आज सुबह 10 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व उन्हें जमा करने का कार्य होगा। जबकि 30 सितंबर को प्रात : 10 :00 बजे से दोपहर 3 :00 तक नामांकन पत्रों का परीक्षण होगा। उसी दिन तीन बजे के बाद वैद्य नामों की सूची भी चस्पा कर दी जाएगी। एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी तथा उसके बाद शेष नामों की सूची का प्रदर्शन होगा। 4 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम 4 :00 तक मतदान व उसके बाद मतगणना के बाद विजय प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## छात्र को पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली के मोहल्ला ककरा कला निवासी कार्तिक कश्यप ने बताया किवह देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे स्कूल के लंच के समय कॉलेज गेट के बाहर समोसा खाने के लिए गया। कक्षा का ही छात्र मोनिस खां व मोईन खां उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर दोनों लोगों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एवी रिच कॉलेज में अभाविप की कार्यकारिणी गठित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एवी रिच इंटर कॉलेज म अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई का गठन किया गया है।

कॉलेज इकाई में कुलदीप को अध्यक्ष, विशाल मौर्य, पीयूष वर्मा, विनीत को उपाध्यक्ष, आयुष देवल को मंत्री, प्राची पाल एवं बुशरा को सहमंत्री, नैतिक श्रीवास्तव को आंदोलन प्रमुख, अर्पित कुमार को सह आंदोलन प्रमुख, आदित्य कुमार को एसएफएस संयोजक, सुनैना दिवाकर को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, अर्थव, सोमेंद्र कुमार, शुभम सक्सेना को कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया गया। सभी को पटका पहनाकार स्वागत किया गया।

- **मेकुलदीप को अध्यक्ष और आयुष देवल को सौंपी गई मंत्री पद की जिम्मेदारी**


हर्ष व्यक्त करते नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जयंती पर याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

संवाददाता, कलान



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को नगर पंचायत कलान, नयागांव कुदरासी, अगरासी में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। भाजपा जिला महामंत्री एवं डीसीडीएफ के चेयरमैन रमाकांत मिश्रा, मंडल महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष संदीप गुर्जर, अमित मिश्रा, रामगोपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## होटलों और ठेलों पर घरेलू सिलेंडरों का हो रहा उपयोग , कमर्शियल सिलेंडर गायब

# त्योहार पर ही आते हैं अधिकारी...बाकी दिन होटल वाले उड़ा रहे मौज

संवाददाता, बंडा



फास्टफूड के ठेले पर रखा घरेलू सिलेंडर।

**अमृत विचार :** होटलों पर कमर्शियल सिलेंडर की बजाय घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग किया जा रहा है जिसके चलते कई उपभोक्ताओं को ब्लैक में सिलेंडर लेना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारी होली, दीवाली या त्योहारों पर ही चेकिंग अभियान चलाते है। बाकी दिनों में शिकायत के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नगर पंचायत बंडा में कई दुकानों, ठेलों, ढाबों और होटलों पर पूरी तरह से घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है जिसके चलते लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिलेंडर की कालाबाजारी के चलते आम उपभोक्ताओं को घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। घरेलू सिलेंडर के सस्ते होने के चलते होटल मालिक, दुकानदार और ठेले वाले कमर्शियल सिलेंडर न लेकर घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं । इतना ही नहीं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने के चलते कई बार आग लग जाने की घटनाएं हुईं हैं । गांव ढका घनश्याम में घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने के चलते कुछ वर्ष पहले एक होटल में आग लग गई थी। जबकि सुरक्षा और मजबूती के हिसाब से कमर्शियल सिलेंडर ज्यादा बेहतर है। जांच अधिकारी तक इन होटलों पर जांच करने के लिए जाने से कतराते रहते हैं।

कभी भी खाद्य सामग्री की जांच होती है और न ही कभी घरेलू सिलेंडरों को देखा जाता है। लोगों की माने तो अधिकारी सिर्फ होली और रक्षाबंधन और दीवाली के समय पर ही इन होटलों के आगे पीछे चक्कर काटते हुए नजर आते हैं।

### गैस माफियाओं के द्वारा करवाई जा रही कालाबाजारी

उपभोक्ताओं ने बताया कि बंडा में कई गैस माफियाओं के साथ मिलकर एजेंसी मालिकों के द्वारा घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी करवाई जा रही है। जिसके चलते कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाते हैं और उनसे अतिरिक्त पैसे वसूल कर इसे कइयों ने अपना धंधा बना रखा है। साथ ही इनके द्वारा छोटे सिलेंडरों की रिफिलिंग के साथ ही कई एलपीजी से चलने वाली गाड़ियों में भी रिफिलिंग की जा रही है । रिफिलिंग के मामले को भी अधिकारियों के द्वारा अनदेखा किया जा रहा है ।

- उपभोक्ता परेशान, शिकायत के बावजूद अधिकारी नहीं देते ध्यान

> जल्द से जल्द टीम का गठन कर होटलों और ढाबों व ठेलों पर चेकिंग की जाएगी। यदि कमर्शियल की जगह पर घरेलू सिलेंडर मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> – **चमन शर्मा,** जिला पूर्ति अधिकारी

# यहां नहीं होते ग्रामीणों के काम... कमरों में भरा है कबाड़ और मटर

## खुटार की ग्राम पंचायत रामपुर कलां के पंचायत घर का हाल

संवाददाता, खुटार

- निर्माण में आई 19 लाख रुपये की लागत, बन गया स्टोर रूम
- बिजली उपकरण, कैमरा आदि सामान गायब
- प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक बेखबर

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत रामपुर कलां में 19 लाख की कीमत से बना पंचायत घर स्टोर रूम बन गया है। बिजली उपकरण, कैमरा आदि सामान गायब है। यहां ग्रामीणों के काम नहीं होते बल्कि अलग-अलग कक्ष में कबाड़ और हरी मटर भरी नजर आ रही है। वहीं प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक बेखबर हैं।

खुटार ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर कलां में वर्ष 2021-22 में करीब 19 लाख रुपये की लागत से गांव के पश्चिम दिशा में ग्राम समाज की जगह पर पंचायत घर का निर्माण कार्य कराया गया है। यहां पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई, ताकि ग्रामीणों का काम गांव में ही हो और उन्हें ब्लॉक मुख्यालय तक दौड़ना न पड़े। पंचायत घर के लिए कंप्यूटर, इनवर्टर, बैट्री, फर्नीचर आदि की भी खरीदारी की गई थी लेकिन यह सारा सामान पंचायत घर से गायब है। यहां तक की पंचायत घर में लगाए गए खिड़की, दरवाजे, पंखा, लाइट फिटिंग आदि का सामान भी गायब है। हालत यह है कि ग्राम सचिवालय में प्रधान कक्ष में हरी मटर भरी पड़ी है। वहीं सचिव के कक्ष में कबाड़ भरा हुआ है। यहां तक की सचिवालय में बनाए गए शौचालय में क्रेट और कबाड़ भरा हुआ है। शौचालय की हालत भी बदतर है।

> मामले की जांच कराई जाएगी यदि पंचायत घर में अव्यवस्था फैली है, तो कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा।
> –**नमित दीक्षित,** ब्लॉक प्रमुख, खुटार



पंचायत घर के शौचालय में भरा कबाड़।



प्रधान कक्ष में सुखाई जा रही हरी मटर। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों ने की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग

ग्राम सचिवालय के अंदर जगह–जगह कूड़े के ढेर हैं। जबकि सचिवालय की देखरेख की सारी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव और रोजगार सेवक के साथ ही पंचायत सहायक की होती है। इसके बावजूद जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है। इसके अलावा पंचायत घर में निगरानी के सीसीटीवी कैमरे भी गायब है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।




शौचालय के दरवाजे हो गए गायब। ● अमृत विचार

# घर के बाहर सो रहे लोगों पर जंगली जानवर का हमला, पांच घायल

संवाददाता, तिलहर

- तिलहर की घटना, सियार का मचा हल्ला
- ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जानकारी



**अमृत विचार :** घर के बाहर सो रहे ग्रामीणों पर जंगली जानवर ने हमला कर तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को घायल कर दिया। वहीं कुछ लोगों के अनुसार सियार होने की बात से गांव में हड़कंप मच गया। गांव वालों ने वन विभाग की टीम को सूचना देकर खूंखार पशु को पकड़वाने का अनुरोध किया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव ताल्वीपुर दिउरिया के पूर्व प्रधान गंगा शरण वर्मा ने बताया कि गांव के रामकिशोर के घर के बाहर भागवत कथा का आयोजन हो रहा था। कथा के दौरान कुछ ग्रामीण घरों के बाहर सो रहे थे और कथा समाप्त होने के बाद श्रद्धालु अपने घरों को चले गए। रात करीब 1:00 बजे गांव में एक खूंखार सियार आ गया, जिसने तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सियार के हमले से कथा में आए जलालाबाद के किरतापुर निवासी अवधेश कुमार, गांव के राजपाल, राजेश्वरी देवी, सुमित्रा, टिकोली देवी घायल हुए हैं। गंगा शरण सभी घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उपचार कर सभी को गांव भेज दिया। गंगा शरण वर्मा ने बताया कि सियार के हमले के बाद गांव में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर बुखार सियार को पकड़वाने का अनुरोध किया है। दहशतजदा ग्रामीण अकेले खेतों पर नहीं जा रहे हैं।




## चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**मदनापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चटिया निवासी मुस्तरी बेगम ने एसपी को प्रार्थना पत्र में बताया वह तीन जून को परिजनों के साथ घर में सो रही थी। रात दो बजे गांव के चार लोग उसके मकान में घुस आए और एक लाख रुपये और लाखों का जेवर चुराकर दीवार फांदकर भाग गए। उसने चोरों को पहचान लिया था। पीड़ित ने थाना पर तहरीर दी। पुलिस कई दिन तक टालती रही और रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। एसपी राजेश एस ने थाना प्रभारी अमित सिंह को जांच के आदेश दिए है।

# अधिक मीटर रीडिंग दिखाकर वसूली करने का आरोप

- बिजली की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



अधीक्षण अभियंता जेके वर्मा से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बिजली विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता जेके वर्मा से वार्ता कर समस्याओं के समाधान की मांग की और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि जिले में बिजली विभाग की बहुत सारी समस्याओं की सूचना व्यापारियों के द्वारा दी जा रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से एक उपभोक्ता का दो किलो वाट के कनेक्शन में 33,29,20 किलो वाट तक की डिमांड आ रही है, जिसमें 18000 रुपये जुर्माना लगाया गया, यह असंभव है। दो किलोवाट पर 30 किलो वाट की डिमांड आने पर मीटर के साथ-साथ वायरिंग भी फुंक जाएगी। कटौती बिना किसी सूचना के मेंटीनेंस के नाम पर की जाती है, जिससे नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधीक्षण अभियंता ने आश्वस्त किया कि समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। व्यापारी नेता ने कहा कि घरों में स्मार्ट मीटर के नाम पर कर्मचारी अवैध वसूली कर रहे हैं, जिस पर विभाग संज्ञान ले और कर्मचारियों को अवैध वसूली न करने की चेतावनी दे। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, सचिन सक्सेना, आबिद हसन खान, चमन तिवारी, इंतजार हुसैन, निर्मल राठौर, गुलजार हुसैन आदि मौजूद रहे।

# छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाए

संवाददाता, तिलहर



एडीओ पंचायत सुनील कुमार त्रिवेदी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

- भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के तहसील तिलहर अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने बुधवार को समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत सुनील कुमार त्रिवेदी को सौंपा।

तहसील अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि भाकिमयू राष्ट्रवादी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समय-समय पर मिलकर व ज्ञापन के माध्यम से किसानों व मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराते रहे हैं, लेकिन कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिनका अभी तक समाधान न किया जाना खेद का विषय है। तहसील अध्यक्ष ने बताया कि छुट्टा गोवंशों को पकड़वाकर गोशालाओं में भिजवाया जाए, जिससे किसानों की फसल व जान बच सके। ग्राम पंचायत धनेला में किसानों की फसलों को बंदर बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें पकड़वाकर जंगल में छुड़वाया जाए। ज्ञापन में तिलहर के पूर्व तिराहे पर ओवरब्रिज बनवाए जाने समेत तमाम मांगें की गईं।

चेतावनी देते हुए कहा कि समाधान समय रहते नहीं किया गया तो कार्यकर्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वाले शिष्टमंडल में प्रमुख रूप से प्रमोद कुमार वर्मा, तहसील अध्यक्ष योगेंद्र पाल शाक्य, जिला सचिव नेत्रपाल मौर्य, मुन्ना लाल आदि लोग मौजूद रहे।

## मां-बेटी को किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र के गांव वसुलिया निवासी नोजा पत्नी सुनील कुमार मंगलवार की शाम सात बजे मोहल्ले का रामनरेश, सत्येन्द्र, आर्यमान ई–रिक्शा निकालने को लेकर गाली देने लगे। विरोध करने पर उसकी जेठानी सरला व जेठानी की पुत्री बबली को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बुधवार की सुबह सल्लिया रोड पर शिशुपाल निवासी सल्लिया थाना रोजा को पकड़ा है। उसके पास तमंचा व दो कारतूस मिले। पुलिस ने चालान कर दिया।

## तस्कर गिरफ्तार, 101.33 ग्राम स्मैक बरामद

**जलालाबाद, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 101.33 ग्राम स्मैक बरामद की है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत दस लाख रुपये बताई जा रही है।



आरोपी राजीव।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय को गुरुवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि कस्बे में एक मादक पदार्थ तस्कर के पास स्मैक है। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया तस्कर राजीव निवासी नौसारा थाना जलालाबाद है। अभियुक्त के कब्जे से दस लाख रुपये की स्मैक बरामद की। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दिल्ली से आने वाले व्यक्ति से रोड पर 20 हजार रुपये प्रति 100 ग्राम के हिसाब से स्मैक खरीदता है। सड़क के किनारे ढाबे के आस-पास पुड़िया बनाकर बेच देता हूं। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, प्रियवर्त, मुख्य आरक्षी आमिर हसन, सिपाही गौरव तोमर, दिनेश कुमार, अजय शर्मा, शुभम सैनी थे।

## सार-संक्षेप

### मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जादौपुर कलां निवासी नाविर खां ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसकी भांजी चमन छत पर बैठी थी। तभी पड़ोस के अकील ने डेला फेंक दिया, जो भांजी चमन को लग गया। चमन की बहन गुलाब जहां छत पर पहुंची, तो अकील अपने साथी सलमान, चन्नू व अरबाज के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगा। इस बीच वह मौके पर पहुंच गया और गाली गलौज करने से मना किया। चारों आरोपियों ने नाविर के साथ ही भांजी चमन, गुलाब जहां को पीट दिया। उधर, दूसरे पक्ष के अकील खान ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस के रवी मोहम्मद उसकी पुत्री शाइमा से बेवजह गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर रवी मोहम्मद अपने साथी वकील, तौसीफ रजा व हाशिम के साथ आकर उसे पीट दिया। बीच बचाव करने दौड़ी उसकी पुत्री शाइमा को भी पीटा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी शिवम सक्सेना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह तेल टंकी रोड पर अभिषेक के साथ फास्ट फूड के ठेले पर काम करता है। बुधवार को धार्मिक स्थल में रहने वाले काशिम निवासी भटपुरा रसूलपुर थाना सिंधौली, जुबैर निवासी मोहम्मदी जिला खीरी गाली देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी शिवम सक्सेना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह तेल टंकी रोड पर अभिषेक के साथ फास्ट फूड के ठेले पर काम करता है। बुधवार को धार्मिक स्थल में रहने वाले काशिम निवासी भटपुरा रसूलपुर थाना सिंधौली, जुबैर निवासी मोहम्मदी जिला खीरी गाली देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बुधवार की सुबह सल्लिया रोड पर एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व दो कारतूस बरामद किए है। पकड़ा गया अभियुक्त शिशुपाल निवासी सल्लिया थाना रोजा है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव नगला बनवारी निवासी गोविंद मौर्य और पड़ोसी नमूद में बुधवार की सुबह गली में कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। नमूद के घर में शादी समारोह होना है। आरोप है कि उसने कूड़ा एकत्रित करके गोविंद के दरवाजे पर डाल दिया था। दोनों पक्षों में लाठी–डंडे चले, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। एक पक्ष के गोविंद ने नमूद, खुशनूद, फरनूद और दूसरे पक्ष के खुशनूद ने गोविंद, घनश्याम, वीरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# नहीं ठीक हुई अल्ट्रासाउंड मशीन, भटक रहे मरीज

## चार दिन से ठप है मशीन, मायूस होकर महिलाएं लौट रहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन चार दिन से खराब पड़ी है जिससे महिलाओं का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। महिलाएं सुबह आती हैं और मशीन खराब होने के कारण वापस लौट जाती हैं। अस्पताल प्रशासन ने मशीन ठीक कराने को एडी हेल्थ को पत्र लिखा है साथ ही कंपनी संचालक को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है।

जिला अस्पताल में महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए जाते हैं। एक कंपनी द्वारा अल्ट्रासाउंड यूनिट लगाया गया है। विभिन्न बीमारियों से जूझ रही महिलाएं हर रोज सुबह नौ बजे अल्ट्रासाउंड कराने को पहुंचती हैं अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिलता है। महिलाएं बैठकर कुछ देर इंतजार करती हैं जब उन्हे पता चलता है कि मशीन खराब है तो वह वापस लौट जाती हैं।



खराब पड़ा अल्ट्रासाउंड सिस्टम।

अल्ट्रासाउंड करने वाले टैक्नीशयित सुशील कुमार ने बताया कि चार दिन से मशीन खराब है। दर्जनों महिलाएं हर रोज आती हैं लेकिन वह निराश होकर लौट जाती हैं। मशीन खराब होने की जानकारी अस्पताल प्रशासन को दे दी गयी है। इससे पूर्व में भी कई दिनों तक अल्ट्रासाउंड सिस्टम बंद रहा। तब भी बरेली से टेक्नीशियन को बुलाया गया था। लेकिन इस बार समस्या आ रही है। अभी तक यूनिट ठीक नहीं कराया गया है।

### महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड होता

गांव देहात से आने वाली बीमार महिलाएं सरकारी अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड कराती हैं। यदि प्राइवेट दुकान पर अल्ट्रासाउंड कराएं तो चार से पांच सौ रुपए देने पड़ते हैं इसलिए जिला अस्पताल में गरीब महिलाएं ही आती हैं, लेकिन मशीन खराब होने के कारण उन्हे वापस लौटना पड़ रहा है। कई महिलाओं ने गुरुवार को बाजार स्थित प्राइवेट क्लीनिक पर अल्ट्रासाउंड कराए।

"अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने की जानकारी एडी हेल्थ को दे दी गयी है। उन्हे पत्र भी लिखा गया है साथ ही जिस कंपनी ने अल्ट्रासाउंड यूनिट लगाया है उस कंपनी संचालक को भी मशीन खराब होने की जानकारी दी गयी है। टेक्नीशियन बाहर से आते हैं। उन्हे समय लगता है। फिर भी जल्द मशीन ठीक कराने की कोशिश की जा रही है।
-डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

# देसी गाय पालने पर सरकार देगी 80 हजार रुपये

**बदायूं, अमृत विचार:** देसी गाय पालने वाले को पशुपालन विभाग 80 हजार रुपये देगा। इसके लिए विभाग को 24 गो पालकों को देसी गाय खरीदने के लिए लक्ष्य दिया गया है। विभाग ने आवेदन मांगने शुरू कर दिए हैं। यह योजना प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू की गई थी। जिसका अब नोटिफिकेशन जारी हुआ है।

पशु पालक को गाय खरीदने के लिए पहले स्वयं धनराशि खर्च करनी होगी, उसके बाद विभाग सत्यापन कर अनुदान देगा। पशुपालक को दो गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी। यह गाय गिर, साहीवाल, थारपारकर नस्ल की ही होनी चाहिए। गाय की कीमत, आने जाने का वाहन खर्च, बीमा और उसके रहने के स्थान पर चारा मशीन, टिन शेड की व्यवस्था करनी होगी। इसकी कीमत दो लाख रुपये शासन स्तर से निर्धारित कर दी गई है। पशुपालक को खर्च की गई धनराशि की रसीद के साथ विभाग में आवेदन करना होगा। सत्यापन के बाद पशु पालक को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। योजना में महिला पशु पालक को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ समयदर्शी सरोज ने बताया कि देसी नस्ल की गायों के पालन को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की गई है। योजना पर दो लाख का खर्च आएगा। जिसका 40 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाएगा

# डिप्थीरिया का टीकाकरण न कराने वाले होंगे चिन्हित

- कंडेला सहित आसपास के गांवों में फिर से होगा टीकाकरण
- डिप्थीरिया से बच्चे की मौत के बाद लिया गया निर्णय
- प्राइवेट अस्पताल में भर्ती बच्चे को भी फ्री इंजेक्शन देता विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डिप्थीरिया बीमारी से छोटे बच्चे की मौत के बाद अब पूरे गांव व आसपास के एक दर्जन गांवों में टीकाकरण न कराने वाले परिवारों को चिन्हित किया जाएगा। उन गांवों में फिर से डिप्थीरिया का वैक्सीनेशन कराया जाएगा। जिले में अब तक डिप्थीरिया के दो बच्चों की मौत हो चुकी है।

ब्लॉक जगत के ग्राम कंडेला में तीन दिन पूर्व एक चार साल के बच्चे की डिप्थीरिया से मौत हो गयी वहीं उसहैत क्षेत्र में भी एक छोटी बच्ची की डिप्थीरिया से मौत हुई है। इस बीमारी के लक्षण मिलने से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। बीमारी पर नियंत्रण पाने को अब स्वास्थ्य विभाग ने डिप्थीरिया का टीकाकरण न कराने वाले परिवारों को चिन्हित करने का निर्णय लिया है। ब्लाक जगत के कंडेला गांव में करीब तीन दर्जन बच्चे चिन्हित किए गए हैं जिन्होंने एक भी टीका नहीं लगवाया है। उन बच्चों को अब स्वास्थ्य विभाग वैक्सीनेशन करेगा। साथ ही उसहैत क्षेत्र में भी टीकाकरण से छूटे बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। उन बच्चों का वैक्सीनेशन कराया जाएगा। यदि वह परिवार टीका नहीं लगाते हैं तो प्रशासन की मदद ली जाएगी।

ब्लॉक जगत के एमओआईसी डा. मोहम्मद असलम ने बताया कि 16 साल तक के बच्चों में डिप्थीरिया बीमारी होती है। इन बीमारी की शुरुआत बुखार से होती है। बच्चे को पहले बुखार आता है उसके बाद गले में टॉन्सिल फूलते हैं फिर गले के अंदर एक झिल्ली बन जाती है। झिल्ली बनते ही बच्चे की हालत तेजी से बिगड़ती चली जाती है। इस बीमारी में फिर कोई दवा असर नहीं करती है। डिप्थीरिया बीमारी का बचाव केवल टीकाकरण है।

### 7 बार टीकाकरण जरूरी

डिप्थीरिया बीमारी में लगने वाले डिप्थीरिया एंटी टॉक्सिन इंजेक्शन की कीमत 15 सौ रूपए है। कोई भी बच्चा कहीं प्राइवेट अस्पताल में भी भर्ती है और इंजेक्शन की मांग करता है तो उसे स्वास्थ्य विभाग निशुल्क इंजेक्शन मुहैया कराता है। 16 साल तक के बच्चे का कुल सात बार टीकाकरण किया जाता है तब वह कई तरह की बीमारियों से आजाद हो जाता है। इसलिए नियमित टीकाकरण कराना चाहिए।

### 25 इंजेक्शन हैं उपलब्ध

स्वास्थ्य विभाग के पास इस समय डिप्थीरिया एंटीटॉक्सिन के 25 इंजेक्शन उपलब्ध हैं। यदि जिले के किसी भी क्षेत्र से डिप्थीरिया बीमारी की शिकायत मिलती है तो उसे तुरंत ही उक्त इंजेक्शन लगाया जएगा। सरकार द्वारा हर माह एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जाता है। जिससे किसी बच्चे को कोई बीमारी न हो।

# देवी मंदिरों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवरात्र की तैयारी**

- तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा अखंड रामायण का पाठ

कार्यालया संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** श्राद्ध पक्ष दो अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। नवरात्रि को लेकर माता रानी के भक्तों के द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दुकानदार पूजा सामग्री की दुकानें सजाने में लगे हुए हैं। इस बार नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अखंड रामायण का पाठ भी होगा। देवी मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए डीएम सांस्कृतिक विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।



नगला का देवी शक्तिपीठ यहां होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, लगेगा मेला।

शारदीय नवरात्रि की शुरुआत तीन अक्टूबर से हो रही है। नवरात्रि 12 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के अफसरों को निर्देश दिया गया है कि वह अष्टमी और श्रीराम नवमी के दिन जिले के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों के तहत प्रचार-प्रसार करवाएं। साथ ही अखंड रामायण का पाठ का आयोजन किया जाए। कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सभी तहसीलों और विकास खंड स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। इसमें चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय लोक कलाकारों, भजन मंडलियों और कीर्तन मंडलियों का चयन किया जाएगा।

### महिलाओं की होगी सुरक्षा

शारदीय नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी अधिक रहती है। उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को 12 अक्टूबर तक देवी मंदिरों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के आदेश दिए हैं। कहा है कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनों के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

## एक नजर

### अल्बानिया में हैक कर चलाई जा थी पूर्व सांसद की आईडी

**बदायूं, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य की फेसबुक आइडी हैक हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस को फेसबुक मुख्यालय से जानकारी मिली कि जब पूर्व सांसद की आइडी हैक हुई थी तो वह अल्बानिया देश में चल रही थी। पुलिस को आइपी एड्रेस मिल गया है। पुलिस ने अल्बानिया सरकार और पुलिस को मेल किया गया है लेकिन अभी वहां से जवाब नहीं आया। वहीं जनवरी में डीएम की फेसबुक आइडी हैक करके रुपयों की मांग हुई थी। रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि जिस नंबर से फेसबुक को हैक किया गया वह नंबर उड़ीसा का है। वह सिम राजस्थान में चल रही है। पुलिस के मेल करने के बाद भी उड़ीसा सरकार की मदद नहीं मिली। पुलिस अब यह मामला बंद करेगी।

### आपसी विवाद में बाहर के युवकों ने छात्र को पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** एनएमएसएसएन दास पीजी महाविद्यालय में बीए के छात्र शादाब का दूसरे छात्र से विवाद हो गया। उसने परिचितों को फोन करके बुला लिया। बाहर से कुछ युवक कॉलेज गेट के भीतर आए और शादाब को बुरी से पीटने लगे। शादाब घायल हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### दो अक्टूबर को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बदायूं अमृत विचार :** दो अक्टूबर गांधी जयंती पर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव ने बताया एक अक्टूबर रात दस बजे से दो अक्टूबर रात दस बजे तक दुकानें बंद रहेंगी। आबकारी अधिकारी ने सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर मॉडल शॉप, भांग दुकानों को बंद रखने के आदेश दिए हैं।

# बिजली चेकिंग करने गई टीम पर हमला, भागकर बचाई जान

## गुरुवार सुबह पुसगवां के पास जेई के साथ वसूली को गई थी टीम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आरोपियों के हमला करने पर मौके से भागी टीम, सूचना पर पहुंची पुलिस तो फरार हुए आरोपी

**अमृत विचार :** बिजली चेकिंग और राजस्व वसूली करने गई बिजली विभाग की टीम पर तीन लोगों ने हमला किया। टीम के कहने के बाद भी उपभोक्ता ने बिल जमा करने से इंकार किया था। अवर अभियंता के कनेक्शन काटने की बात पर वह गुस्सा हो गया और टीम पर हमला कर दिया। अवर अभियंता ने मोबाइल से फोटो खींचना व वीडियो बनानी चाही तो हमलावर उनका मोबाइल छीनने लगे। खुद को फंसता देखकर टीम ने पुलिस को फोन करके सहायता मांगी और मौके से भागकर अपना बचाव किया। पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर फरार हो गए। अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कस्बा वजीरगंज के विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राम स्वरूप ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह मोहम्मद यासीन, टीजी टू निखिल कुमार, संविदाकर्मी योगेश कुमार व जितेंद्र के साथ गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े 11 बजे गांव पुसगवां के पास सिलाई कारखाने के पास बिजली चेकिंग और राजस्व वसूली के लिए गए थे। टीम ने एक उपभोक्ता खलील अहमद और उनके बेटे तौफीक से कहा कि उनका बिजली का बिल 86 हजार 385 रुपये बकाया है। उसे उन्होंने जल्दी जमा कराने का अनुरोध किया। आरोप है कि वहां गांव पुसगवां निवासी खलील अहमद, तौफीक के अलावा मुजाजिद पुत्र सुबराती और एक अन्य व्यक्ति ने टीम से बिजली का बिल जमा करने से साफ इंकार कर दिया। कहा कि वह किसी भी हालत में बिल जमा नहीं करेंगे। अवर अभियंता ने दोबारा से बिल जमा करने को बोला। कहा कि अगर बिल जमा नहीं करोगे तो बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद भी वह लोग बिल जमा न करने की बात पर अड़े रहे। अवर अभियंता ने टीम ने बिजली कनेक्शन काटने को बोला। जिससे तौफीक, मुजाहिद और एक अन्य व्यक्ति गुस्सा गए और चेकिंग करने वाली टीम पर हमलावर हो गए। गाली-गलौज करने लगे। सरकारी कार्य में बाधा डाली गई। अवर अभियंता ने मोबाइल में वीडियो बनाने का प्रयास किया तो हमलावर उनका मोबाइल छीनने लगे। टीम ने मौके से भागकर अपना बचाव किया। टीम ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। कुछ समय के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर मौके से फरार हो गए। तहरीर के साथ अवर अभियंता ने पुलिस को मौके की वीडियो मुहैया कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अवर अभियंता ने बताया कि तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने को बोला है। वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक अरविंद पवार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### मुख्य वन संरक्षक करेंगे हिरण के कंकाल मामले की जांच

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के कौल्हाई क्षेत्र में काले हिरण का कंकाल निकलने के मामले में वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घिरते नजर आ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर डीएफओ प्रदीप कुमार ने एसडीओ को जांच सौंपी है वहीं प्रधान मुख्य वन संरक्षक की ओर से मुख्य वन संरक्षक, बरेली को जांच सौंपी गई है। चर्चा है कि इस मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सकती है।

पशु प्रेमी संजीव प्रजापति को हिरण का कंकाल जमीन में दबाने के मामले को पता चला था। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा भी मौके पर आए। आरोप था कि हिरण का मांस और सिर गायब था। हिरण के मांस को खाया गया है। वन विभाग के जिम्मेदारों ने बताया कि हिरण के अवशेष बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई के पास मिले थे जो नर्सरी में दबा दिए गए थे। संजीव ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को शिकायत पत्र भेजा। उन्होंने बरेली के मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह को जांच सौंपी है। जांच के अंतर्गत उन्होंने सहसवान रेंजर, बीट इंचार्ज, मुजरिया व बिल्सी के सेक्शन प्रभारी को तलब किया है। बताया जा रहा है कि खुद को बचाने के लिए विभागीय जिम्मेदार लखनऊ तक के चक्कर लगा रहे हैं।

# मचा चीते का शोर, वन विभाग ने देखे पगचिन्ह, ग्रामीणों को दी चेतावनी

संवाददाता, कादरचौक



चीते के शोर पर ग्रामीणों से बात करती वन रेंजर आकांक्षा। ● अमृत विचार

- बोलीं रेंजर जानवर की हत्या करने की कोशिश में भी होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर के कई लोगों पर चीते जैसे किसी जानवर ने रात को फसलों की रखवाली करते समय हमला कर दिया जिससे ग्रामीण भयभीत हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जानवर के पग चिन्ह देखे। अधिकारियों ने चीता होने से इनकार किया है फिर भी ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होने ग्रामीणों को चेतावनी दी किसी जानवर की हत्या न करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

नूरपुर के ग्रामीण रात को अपनी फसलों गौवंश से बचाने को रखवाली करते हैं। खेतों में बाजरा मूंगफली धान की फसल खड़ी है। इसलिए गौवंश रात को फसलें नष्ट करते हैं। किसान रात भर जाग कर फसलों की रखवाली करते हैं। गांव के मुरादी खां अपने पुत्र के साथ बुधवार की रात को खेत पर जा रहे थे। तभी चीता जैसे किसी जानवर ने उन पर हमला कर दिया। पिता पुत्र जैसे तैसे जान बचाकर घर वापस लौटे उन्होंने गांव वालों को चीता होने की बात बतायी। जिससे गांव में दहशत फैल गयी।

उधर गुरुवार की शाम को यादराम और उनके बेटे पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह जोर जोर से चिल्लाए, उनकी आवाज सुनकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तब तक जानवर भाग चुका था। ग्रामीणों ने फसलों में उसकी खोजबीन की, मगर कोई नजर नहीं आया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को दी, हल्का लेखपाल ने गुरुवार की शाम को पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की जिला रेंजर आकांक्षा मौके पर पहुंच गयीं। रेंजर ने जानवर के पग चिन्ह देख कर बताया कि यह पग चिन्ह चीते के नहीं बल्कि किसी जंगली जानवर के हैं। फिर भी ग्रामीण सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी जानवर की हत्या करने की कोशिश न करें, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि रात को इस क्षेत्र में चीता आता है जो कभी भी किसी को शिकार बना सकता है। चीते को लेकर गांव में दहशत है।

### जमीन को लेकर मारपीट, गोली के छर्रे लगने से युवक घायल

**दातागंज, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के कटरी क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी राजकुमार पुत्र बांके लाल का अपने गांव निवासी राकेश पुत्र दुर्गपाल से जमीन का पुराना विवाद चल रहा है। वह दोनों अक्सर ही आमने-सामने आ जाते हैं। गुरुवार शाम को दोनों का खेत पर झगड़ा हो गया और मारपीट हुई। आरोप है कि मारपीट के दौरान गाली चलने लगी। राजकुमार को गोली के छर्रे लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। राजकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में नहीं हुए एक्सरे, बंद रही लैब, सुबह भी गुल रही आधे शहर की बिजली

**अमृत विचार :** जिले में बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं शहर से लेकर देहात तक बिजली की किल्लत बनी हुई है। बिजली कटौती के कारण जिला अस्पताल में मरीजों तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सरे मशीन और पैथोलॉजी लैब बंद रही। आज की कटौती से करीब एक लाख से अधिक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को सुबह दस बजे अचानक बिजली गुल हो गयी। बिजली गुल होने से आधे शहर में पेयजल की समस्या पैदा हो गयी। पंखा कूलर बंद रहे। घनी आबादी के बीच परिवारों में कटौती को लेकर खासी समस्या का सामना करना पड़ा। सुबह को सुभाष चौक, गद्दी चौक, कटरा ब्राह्मपुर, टिकट गंज, पथिक चौक, से लेकर रोडवेज पुलिस लाइन, सिविल लाइन, कलेक्ट्रेट आदि क्षेत्रों में लोगों को अघोषित कटौती से परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला अस्पताल में सुबह जब मरीजों की भीड़ जुटी तो बिजली गुल हो गयी। दस से 11 बजे तक लैब और एक्सरे मशीन बंद रही। ओपीडी में भी मरीजों को गर्मी के कारण पसीना बहाना पड़ा। उधर वार्ड में भर्ती मरीजों को गर्मी के चलते बेहद परेशानी हुयी। पूर्वान्ह 11 बजे जब विद्युत सप्लाई शुरू हुई तो काम शुरू हो सका। उसके बाद एक बजे से बिजली गुल हो गयी जो दो बजे शुरू हुई। पनबड़िया विद्युतघर से सप्लाई नहीं मिलने से दिक्कत हुई। दो बजे बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। उधर बुधवार को करीब चार घंटे बिजली गुल रही जिससे पूरा शहर देर रात नौ बजे तक अंधकार में डूबा रहा। शाम को बिजली कटौती होने से शहर में अंधेरा छाया रहता है। हर रोज अघोषित कटौती हो रही है।

बिनावर विद्युत घर से भी आज दोपहर को दो घंटे के लिए सप्लाई ठप रही। जिससे करीब सौ गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से शाम चार बजे बिजली गुल हो गयी। जो शाम 6 बजे शुरू हुई। ककराला रोड के चौदह गांवों को दो घंटे तक परेशानी उठानी पड़ी।

> दिन में कुछ जगहों पर सप्लाई बाधित हो रही है। उन विद्युत लाइनों को ठीक कराया जा रहा है। सुबह को शहर के कुछ हिस्से में आपूर्ति बाधित हुयी। जिसे कुछ देर में ही ठीक करा दिया गया। काफी हद तक स्थिति ठीक हुई है। कुछ लाइनों में फाल्ट होने की खबरें मिली हैं उन्हें ठीक कराया जा रहा है, इसलिए लोगों को कटौती से परेशानी हो रही है। काफी दिनो से व्यवस्था ठीक चल रही है।
>
> -संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता प्रथम

### विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** चोरों ने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सीकरी स्थित लाला छोटे लाल स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को निशाना बनाया। कार्यालय के ताले तोड़ दिए और सामान चोरी करके ले गए। सुबह विद्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नत्थू लाल पहुंचे तो दरवाजे के ताले टूटे देखे। भीतर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था। कार्यालय में रखा प्रिंटर, दो बैट्री, इंवर्टर, तांबे की मां सरस्वती की मूर्ति, सीसीटीवी व हार्ड डिस्क, डीबीआर गायब थी। विद्यालय प्रबंधक अनूप पाराशरी ने पुलिस को सूचना दी। कस्बा के चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह विद्यालय पहुंचे। मौका मुआयना किया। प्रबंधक की ओर से तहरीर दी गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### वॉक-इन के आधार पर मिलेगा आईटीआई में प्रवेश

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त भी सीटें रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर वॉक-इन सिद्धान्त के आधार पर अभ्यर्थियों के प्रवेश लिए जाएंगे। इसके लिए वह 29 सितंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

# मैन्यू के तहत नहीं मिला मिड डे मील, प्रधानाचार्य निलंबित



स्कूल में बच्चों के लिए बनी रोटी चेक करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में गुरुवार को ब्लॉक उझानी के प्राथमिक विद्यालय नौशेरा व ब्लॉक उसावां के उच्च प्राथमिक विद्यालय भुण्डी का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय नौशेरा में अव्यवस्थाएं फैली होने और गुणवत्ताहीन मिड डे-मील मिलने पर प्रधानाध्यापक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को निलंबित कर दिया।

नौशेरा प्राथमिक स्कूल के निरीक्षण में डीएम ने बच्चों से प्रश्न पूछ कर उनकी शिक्षा का स्तर जाना, जो ठीक नहीं था। मिड डे-मील भी मीनू के अनुसार नहीं बना था। गुणवत्ता भी बेहद खराब थी। रजिस्टर में बच्चों की उपस्थिति से अधिक संख्या अंकित थी। बच्चों विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं थी, शौचालय भी गंदा था। जिस पर डीएम ने स्कूल की प्रधानाध्यापक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को निलंबित कर दिया। डीएम ने स्कूल के समीप संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां की भी स्थिति खराब थी। जिसमें सुधार के निर्देश दिए। यहां के बाद डीएम ब्लॉक उसावां के उच्च प्राथमिक विद्यालय भुण्डी पहुंची। वहां बच्चों की शिक्षा का स्तर ठीक मिला। बच्चों से सवाल पूछें जिसका उन्हें सही उत्तर मिला।

### डीएम ने ग्राम समाज की भूमि कराई कब्जा मुक्त

**बदायूं, अमृत विचार :** डीएम ने कादरचौक ब्लॉक क्षेत्र के गांव मामूरगंज में ग्राम समाज की जमीन को अपने सामने कब्जा मुक्त कराया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर विवाद होने पर ग्रामीणों को वार्ता कर उसे सुलझाया। इसके अलावा पानी के ओवर हेड टैंक के लिए जमीन चिन्हित की। साथ ही अधिकारियों को जल्द परियोजना पूरी करने के आदेश दिए। गांव मामूरगंज में ग्राम समाज की जमीन कब्जा होने के साथ विवाद की स्थिति बनी हुई थी। जिसकी शिकायत कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों के द्वारा डीएम से की गई। स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद डीएम गांव पहुंच गई। उनके द्वारा ग्रामीणों से वार्ता करने के बाद जमीन को खाली कराने के लिए एसडीएम और तहसीलदार को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने अपनी मौजूदगी में जमीन को कब्जा मुक्त कराया। विकासखंड उसावां के ग्राम भुण्डी में जल जीवन मिशन के ओवरहेड टैंक के लिए चिन्हित भूमि पर विवाद को भी उन्होंने हल कराकर जल्द ओवरहेड टैंक का निर्माण करने के आदेश दिए। एसडीएम सदर मोहित कुमार भी मौजूद रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

# किसान ने खाया विषाक्त पदार्थ इलाज के दौरान हुई मौत



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक किसान के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

- थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी किसान ने खाया विषाख्त पदार्थ

**अमृत विचार :** मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने विषाख्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने किसान को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात किसान की मौत हो गई। किसान के विषाख्त पदार्थ खाने के कारण का पता नहीं चल सका है।

गांव फतेहपुर निवासी प्रेम शंकर (50) पुत्र अयोध्या प्रसाद खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार उन्होंने बुधवार शाम अपने घर पर रखा विषाख्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर के बाद प्रेम शंकर की हालत खराब हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले गए। देर रात राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों को उनके विषाख्त पदार्थ खाने के कारण के बारे में जानकारी नहीं है।

### दुगरइया में घरों से लाखों का सामान किया चोरी

**कुंवरगांव, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के गांव दुगरइया में दो सगे भाइयों व भतीजे के बंद मकान से नगदी सहित लगभग पांच लाख रुपए का माल चोरी कर लिया। पीड़ितों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी हे।

गांव दुगरइया निवासी अलीम पुत्र अतीक अहमद, खलीम पुत्र मल्लन, तंजीर पुत्र मल्लन दिल्ली में रहकर कपड़े का कारोबार करते हैं। मकान की रखवाली उनके दादा अलीम द्वारा की जाती है। बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर व दीवार काटकर घर में वदंना जाग गई। चोरों ने महिला को जान से मारने की धमकी दी और एक मोबाइल व 10 हजार रुपए लेकर भाग गए। सीओ सिटी संजीव कुमार का कहना किचोरी का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मेरे पैन कार्ड सं. LQTPS0344B में मेरा नाम रूपिन्दर सिंह व जन्मतिथि 27.01.2001 दर्ज हो गयी है। जो कि गलत है मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम गगनदीप सिंह व जन्मतिथि 27.02.2003 दर्ज है जो कि सही है। उक्त नाम व जन्मतिथि मेरे पैन कार्ड में संशोधित किया जाये। **गगनदीप सिंह पुत्र साहब सिंह नि. ग्राम धर्मापुर कलां तह. पूरनपुर जिला पीलीभीत**
सीधे प्रवेश
राफ़िआह कॉलेज आफ एजुकेशन
निकट डाक बंगला बिसौली रोड सहसवान बदायूं
शासनादेश सं. 390/अरसठ-4 2023-2067/ 2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 09.09.2024 प्रवेश की कार्यवाही हेतु शासनादेश संख्या-828 अरसठ-4- 2023-2067 2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 D.EL.ED. पूर्व (B.T.C) प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में सीधे प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.rcegroup.org पर ऑनलाइन आवेदन करें।
9999736330, 9999098111, 8859563997
**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### जिले मे 16 टीबी यूनिटों में हुए कार्यक्रम में अफसर, उद्यमी, व्यापारियों ने 296 मरीजों को लिया गोद

# डीएम ने गोद लिए चार टीबी मरीज, पोषण पोटली दी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


क्षय रोगियों को पोषण पोटली देते जिला क्षय रोग अधिकारी डा. विनेश कुमार।

- जिले में 7730 टीबी मरीज हैं, 1385 को गोद लिये जा चुके

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरण कार्यक्रम गुरुवार को जिले के सभी 16 टीबी यूनिटों में संचालित किया गया। जिसमें अधिकारियों, व्यापारियों, उद्यमियों, समाजसेवियों आदि ने 296 टीबी मरीजों को गोद देकर पोषण पोटली भी दी। कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने चार टीबी मरीजों को गोद लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन, समाजसेवी, उद्यमी, व्यापारी, अधिकारी टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें जल्दी स्वस्थ होने के लिए अपनी ओर से पोषण पोटली दे सकते हैं। यह एक जनहित व परोपकार का कार्य है। इसमें सभी को आगे आना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा द्वारा एक मरीज, ए सी एम ओ डॉ. अब्दुल सलाम द्वारा एक मरीज, एसीएमओ डॉ. जावेद हुसैन द्वारा दो मरीज गोद लिए गए। जिला क्षय रोग केन्द्र द्वारा 50 टी बी मरीज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसौली द्वारा 25, दातागंज 20, म्याऊं 30, बिल्सी 40, वजीरगंज 20, दहगवां 42, उझानी 24 सहसवान 35, इस्लामनगर द्वारा 2 मरीजों सहित कुल 296 टी बी के मरीजों गोद लेकर पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि जिले में 7730 टीबी मरीज हैं। जिनमें से 1385 को अधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारियों व समाजसेवियों द्वारा गोद लिया गया है। प्रत्येक टीबी मरीज को सरकार द्वारा पोषण आहार के लिए 500 रूपए प्रति माह दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि एक पोषण पोटली में 1 किग्रा भुना हुआ चना, 1 किग्रा सोयाबीन की बड़ी, 1 किग्रा सत्तू या परबल, 1 किग्रा गुड़ तथा आधा किलो प्रोटीन सप्लीमेंट (कॉम्प्लान या हॉर्लिक्स) दिया जाता है। जिसकी लागत करीब 500 से 600 रुपए के बीच आती है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जिलाधिकारी ने 4 टीबी मरीजों को गोद लिया। उन्होंने पूर्व में 1 मरीज को गोद लिया था अब उनके द्वारा कुल 5 मरीजों को गोद लिया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने 1, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व स्वयं उनके द्वारा भी टीबी मरीजों को गोद लेने का कार्य गुरुवार के कार्यक्रम में किया गया।

## दो दिन में लॉगबुक जमा करें वाहन स्वामी

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में प्रयोग किये गये हल्के एवं भारी वाहनों की लॉग बुक वाहन स्वामियों ने सहायक संभागीय परिवहन विभाग जमा नहीं की है। जिसे दो दिन में जमा करने के निर्देश एआरटीओ ने दिए हैं। एआरटीओ अम्बरीश कुमार ने बताया कि लोक सभा चुनाव में प्रयोग हुए वाहनों के स्वामियों से अधिकांश की लॉगबुक निर्वाचन कार्यालय में जमा हो चुकी है। जिसमें लगभग 20 प्रतिशत भाडे का भुगतान हो चुका है। परन्तु अभी भी ऐसे कुछ भारी, मध्यम एवं हल्के वाहन है जिनकी लॉगबुक अभी तक निर्वाचन कार्यालय में भुगतान हेतु जमा नहीं करायी गयी है। उन्होंने वाहन स्वामियों से दो दिन के अंदर लॉगबुक जमा करने के आदेश दिए हैं। जिससे भुगतान किया जा सके।

## चार प्रभारी निरीक्षकों को स्वयं कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं की आरोपियों की गिरफ्तारी और न ही की गई रिकवरी

**अमृत विचार :** कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश मित्र पाल सिंह ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करके या रिकवरी धनराशि प्राप्त करने का आदेश पारित होने के बाद पालन न किए जाने पर उसहैत, वजीरगंज, कोतवाली सदर व सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षकों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायाधीश ने अगली तिथि तक अभियुक्त की गिरफ्तारी या रिकवरी की धनराशि प्राप्त न होने या व्यक्तिगत पेश न होने पर सभी प्रभारी निरीक्षकों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जारी किया है।

उसहैत निवासी महिला द्वारा कोर्ट डाले गए मामले में उसके पति की गिरफ्तारी और रिकवरी वारंट चल रहे थे। जिसमें 22 अगस्त को आरोपी पति उमर खां की गिरफ्तारी और रिकवरी वारंट के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तिथि निकल के बाद भी उसहैत प्रभारी निरीक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगली तारीख 13 नवंबर नीयत की गई है। कोतवाली सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुमायुं खान उर्फ आशु के वारंट 4 सितंबर को प्राप्त कराए गए थे।इसमें भी पुलिस ने कार्रवाई करने में अनदेखी की। अगली तारीख 4 अक्टूबर हैं। सदर कोतवाली वाले मामले में गोविंद पुत्र राजू का वारंट 20 जुलाई को प्राप्त कराए गए। इसमें भी पुलिसने सुस्ती बरती। अब नोटिस जारी करते हुए अगली तारीख 23 अक्टूबर तय हुई है। वजीरगंज वाले मामले मे आजिद पुत्र जमील खां के गिरफ्तारी और रिकवरी वारंट पर थाना पुलिस उसे न्यायालय में पेश नहीं कर रही है और न ही भरण पोषण की धनराशि जमा हो रही है। इस मामले में अगली तारीख 13 नवंबर नीयत की गई है।

# 900 मीटर सड़क पर खर्च होंगे 4.69 करोड़

### विधायक के प्रस्ताव पर शासन से मिली स्वीकृति, सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण को बजट जारी

**शाहजहांपुर की राह होगी आसान**

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

- दातागंज से शाहजहांपुर जाने वाले मार्ग पर अरेला में उखड़ी पड़ी है सड़क

**अमृत विचार :** दातागंज से शाहजहांपुर जाने वाले लोगों की राह आसान होगी। न तो सड़क में गड्ढे होंगे और सड़क किनारे रोशनी में आसानी से टहला जा सकेगा। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया के प्रस्ताव पर शासन की मुहर लग गई है। 900 मीटर सड़क के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग का काम 4.69 करोड़ रुपये से किया जाएगा। शासन से 3 करोड़ 75 लाख 65 हजार रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद, दातागंज की ओर से कराए जा रहे पाइप लाइन बिछवाने के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

सीमावर्ती शाहजहांपुर जाने के लिए कस्बा दातागंज से होकर गुजरना होता है। दातागंज में बरेली तिराहे से एसडीएम आवास से कस्बा दातागंज के मोहल्ला अरेला से होते हुए वाहन शाहजहांपुर जाते हैं। इस मार्ग पर गड्ढे होने से अक्सर जाम लगा रहता था। समस्या के चलते एसडीएम ने इस मार्ग पर मोहल्ला अरेला में किया गया अवैध अतिक्रमण तुड़वाया था। मोहल्ला अरेला की दूरिया नदी पर पुलिया का निर्माण हुआ। एसडीएम आवास से अरेला तक लगभग 900 मीटर सबसे ज्यादा गड्ढे हैं। जहां से निकलना दुश्वार हो रहा है। दातागंज विधायक ने पुवायां, निगोही, तिलहर, जैतीपुर होते हुए शाहजहांपुर जाने वाले लोगों की समस्या के मद्देनजर शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था। शासन से 900 मीटर सड़क के निर्माण, चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण और पांच साल के अनुरक्षण सहित स्वीकृति दे दी है। जिसका बजट 4 करोड़ 69 लाख 56 हजार रुपये होगा। लागत के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट अवमुक्त कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इस मार्ग पर नगर पालिका परिषद, दातागंज की ओर से पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। जिसके चलते निर्माण कार्य में देरी हो रही है।

**दस मीटर चौड़ी होगी सड़क, डेढ़ मीटर की होगी इंटरलॉकिंग**

टेंडर प्रक्रिया के बाद इस मार्ग पर सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। यह सड़क दस मीटर चौड़ी होगी। साथ ही दोनों तरफ एक से डेढ़ मीटर इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इंटरलॉकिंग सड़क किनारे नाले तक बनाई जाएगी। रोशनी के लिए बिजली के खंभे लगाए जाएंगे। विद्युत महकमा लोक निर्माण विभाग को स्टीमेट बनाकर देगा। जिसके बाद बिजली विभाग इस मार्ग पर रोशनी का इंतजाम करेगा। चार महीनों में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



सड़क की वजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था। शासन को अवगत कराया गया है। प्रस्ताव बनाकर भेजा था। शासन से मंजूरी मिल गई है। जल्द ही सड़क के अलावा चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। क्षेत्र की जनता की सभी समस्याओं का ध्यान है। धीरे-धीरे सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है।

– **राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया**, विधायक, दातागंज।

# छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लें कर्मी


समीक्षा बैठक में पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। साथ में मौजूद एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव व एसपी देहात केके सरोज।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आइजीआरएस की शिकायतों का समय से करें निस्तारण
- एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में की अपराध समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण कराया। जिसके बाद राजपत्रित अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जीआरपी और प्रभारी निरीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। अपराध नियंत्रण व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया।

एसएसपी ने कहा कि छोटी से छोटी घटनाओं को गंभीरता से लें। लुटेरे, चोर व गंभीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी करके कार्रवाई करें। लंबित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्र की सही से निस्तारण कराएं। महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरती जाए। अपहृता को पुलिस सकुशल बरामद कराएं। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण, संग्रहण करने वाले, टॉप टेन इनामिया, हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाएं। यातायात नियमों का पालन कराने को वाहन चालकों पर कार्रवाई करें।

## आकाश व शनाया ने जीती लॉन टेनिस प्रतियोगिता

**बदायूं, अमृत विचार:** दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में स्पोर्टस स्टेडियम में लॉन टेनिस प्रतियोगिता में अंडर 18 बालक वर्ग में सिंघान्त और चांदनी ने जीत दर्ज की। डबल्स में आकाश और शनाया की जोड़ी प्रथम स्थान पर रही।

अंडर 18 बालक वर्ग में हुए लॉन टेनिस मैच में सिंघान्त प्रथम, सात्विक दूसरे और रविकांत तीसरे स्थान पर रहे। युगल वर्ग में सिंघान्त और सात्विक की जोड़ी ने मैच जीता, रविकांत और आकाश की जोड़ी दूसरे तो ऐशू और विकास की जोड़ी को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंडर 18 बालिका वर्ग में चांदनी प्रथम, शनाया दूसरे और जानवी तथा दिव्या तीसरे स्थान पर रहीं। युगल वर्ग में चांदनी शनाया की जोड़ी प्रथम, जानवी दिव्या दूसरे तथा नंदनी और श्रीजा की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही।

# कार्यकत्री का विरोध पड़ा महंगा, पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, उझानी

- ग्रामीणों ने खाद्यान्न दबाने पर आंगनबाड़ी के खिलाफ दी थी तहरीर
- जमीन में खाद्यान्न दबाते हुए ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी को पकड़ा था

**अमृत विचार:** गांव गिरधरपुर के ग्रामीणों को आंगनबाड़ी का विरोध करना मंहगा पड़ गया। पुलिस ने विरोध करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। जबकि ग्रामीणों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को दी तहरीर पर अभी तक कार्यवाही नहीं की है।

गांव गिरधरपुर में बीते मंगलवार कोआंगनबाड़ी को गर्भवती महिलाओं को बांटने के लिए मिले खाद्यान्न को जमीन पर दबाते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस और प्रभारी सीडीपीओ भी मौके पर पहुंची थी और उन्होंने आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस प्रकरण में पुलिस ने आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर विरोध दर्ज कराने वाले ग्रामीणों पर शांतिभंग में कार्रवाई कर दी। पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीण आक्रोशित हैं। गांव निवासी नेम सिंह ने आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है।

गिरधरपुर के ग्रामीणों पर धारा 107-16 की कार्रवाई की गई है आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने राशन को गड्ढे में दबाया था। इसी का विरोध दर्ज कराने के लिए भारी तादाद में ग्रामीण इकट्ठे हो गए थे। गांव शांति व्यवस्था बनाने के लिए कार्रवाई की गई है।

–**संजय सिरोई**, हल्का इंचार्ज

**व्यवस्था पड़ रही भारी**

### बैरियर खुलने के इंतजार में अटक रहीं मरीजों की सांसें, तीमारदारों को भी हो रही परेशानी

# जिला अस्पताल : एंबुलेंस में मरीज नहीं तो नहीं उठेगा में बैरियर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


इमरजेंसी कक्ष के बाहर लगा बैरियर। ● अमृत विचार

- सुरक्षा के मद्देनजर जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के बाहर लगाए हैं बैरियर
- तीमारदारों से भिड़ रहे सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस के लिए बैरियर खोलने में लग रहा समय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में व्यवस्था बनाने के नाम पर अव्यवस्था हो गई है। अस्पताल में बाहरी लोगों को रोकने के लिए लगाया गया बैरियर अब मरीजों के लिए आफत बन गया है। इमरजेंसी में आने वाली एंबुलेंस और गंभीर मरीजों को भी वाहनों मे देखकर बैरियर उठाया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन से भी इस ओर ध्यान देने को कहा गया है लेकिन वह भी ध्यान नहीं दे रहा है।

जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था संभालने को पूर्व सैनिकों को लगाया गया है। करीब 21 पूर्व सैनिक यहां अलग अलग स्थानों पर ड्यूटी करते हैं। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी के बाहर बैरियर लगाकर वहां सुरक्षा कर्मियों को बैठा दिया है। अस्पताल की बेहतरी के लिए की गई यह व्यवस्था अब मरीजों के लिए कष्टकारी बन रही है। हाल यह है कि एंबुलेंस आने पर भी सुरक्षा कर्मी पहले अपनी जगह से उठकर एंबुलेस तक जाते। वहां मरीज होने की पुष्टि करते फिर अपनी जगह पर आकर बैरियर खोलते। गंभीर मरीजों के लिए लगने वाला यह समय उनके लिए जानलेवा भी हो सकता है। अस्पताल प्रशासन को इस अव्यवस्था के बारे में बताया गया लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इस पर ध्यान नहीं दिया है इससे इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों के लिए यह बैरियर नुकसानदेह हो सकता है। मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों ने भी कहा कि एंबुलेंस और वाहनों पर आने वाले मरीजों को देखकर ही बैरियर हटा देना चाहिए लेकिन उनकी भी जांच करने के नाम पर समय बर्बाद करना ठीक नहीं है। इसमें सुधार होना चाहिए।

दो दिन पहले एक केंद्रीय मंत्री के रिश्तेदार की गाड़ी किसी मरीज को लेकर पहुंची, उसे भी बैरियर पर रोक लिया गया। बैरियर पर बैठे सुरक्षा गार्ड ने परिजनों से अभद्रता की। सीएमएस के आदेश पर सुरक्षा गार्ड पीछे हटे। बुधवार को भी सुरक्षा गार्डों ने कई लोगों के साथ अभद्रता की जिसकी शिकायत सीएमएस से की गयी। इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मरीजों और तीमारदारों में भारी रोष है।

सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गयी है। यदि लोगों के साथ अभद्रता की जाएगी तो ठीक नही है। सुरक्षा गार्डों को हिदायत दी जाएगी। किसी तीमारदार या मरीज को परेशानी नही होनी चाहिए। घायल को लाने वाली एंबुलेंस का रास्ता नहीं रोका जाएगा।

–**डा. कप्तान सिंह**, सीएमएस


जिला अस्पताल में सुरक्षा के नाम पर परेशान किया जा रहा है। छोटी बेटी को भर्ती कराया है इसलिए बाहर भी जाना पड़ता है। हर बार पूछताछ की जाती है इसलिए परेशानी हो रही है। –**गुंजन**, छह सड़का


सुरक्षा करना तो ठीक है लेकिन बेवजह परेशान किया जाना ठीक नहीं है। बैरियर लगा कर काफी दूर ही वाहनों को रोका जा रहा है। मरीज को वार्ड तक जाने में परेशानी हो रही है।

–**अग्रजपाल**, मुजाहिदपुर


बैरियर पर एम्बुलेंस को रोकना ठीक नहीं है। घायल मरीज को इमरजेंसी कक्ष तक एम्बुलेंस लेकर जाती है। अब बीच में बैरियर लगा दिया गया है जिससे सभी को परेशानी हो रही है। यह ठीक नहीं है। –**सत्यवीर**, परौली


बैरियर लगाना, लोगों को परेशान करना, यह सुरक्षा नहीं है। मरीजों को दिक्कत हो रही है। इमरजेंसी में तो तुरंत इलाज की जरूरत होती है यहां सुरक्षा के नाम पर देरी की जा रही।

–**अनुराग मालू**, बिल्सी

## खितौरा बिल्सी मार्ग हुआ जर्जर, नहीं निकल पा रहे वाहन

**उघैती, अमृत विचार :** सहसवान विकासखंड के गांव खितौरा से बिल्सी को जाने वाले तकरीबन तीन किलोमीटर की सड़क बेहद खराब व जर्जर हो चुकी है। सड़क में गहरे गहरे गड्ढे होने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। आसपास के गांव के लोगों को गांव से खितौरा जाने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं तो कहीं नुकीले पत्थर लोगों को मुसीबत बन चुके हैं। आए दिन बाइक व, साइकिल सवार छात्र-छात्राएं गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क खराब होने की वजह से अब ई रिक्शा वाले भी इस रास्ते से नहीं जाते है। जबकि गांव जाने का यही एकमात्र साधन है। ऐसे में गांव जाने के लिए लोग या तो पैदल ही निकल जाते हैं बाइक से गांव तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर उच्च अधिकारियों से रोड को ठीक करने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा योजना में 23 सौ परम्परागत कामगार चयनित



**बदायूं, अमृत विचार :** पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिले से 23 सौ परम्परागत कामगारों को चयनित किया गया है। विभाग को 36 हजार से अधिक आवेदन मिले थे। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा में पाया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र से 23970 व शहरी क्षेत्र से 12891 सहित कुल 36891 आवेदन स्वत: रोजगार विभाग को प्राप्त हुए हैं। इनमें से 2300 आवेदकों का चयन किया गया है। डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय से प्रशिक्षण दिए जाने के बाद टूलकिट वितरण के आदेश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देना और उन्हें योजना के तहत सभी लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र बनाना है।

### किसानो के कर्ज माफ हों, सौंपा ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय भागीदारी आंदोलन संगठन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों की कर्ज माफी की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, साथ ही चेतावनी दी गयी कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर भारतीय भागीदारी आंदोलन संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ने कहा कि सरकार जब बड़े बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर रही है तो किसानों का कर्ज माफ क्यों नहीं कर सकती है। भाजपा सरकार किसानों का दमन कर रही है। रविशंकर सागर ने कहा है कि यदि उक्त मांगों पर 14 अक्टूबर तक ध्यान नहीं दिया गया तो संगठन बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। उक्त मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर ओमकार सागर, धर्मवीर शाक्य, अमित सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

### क्षय रोगियों को गोद लेकर पौष्टिक आहार के पैकेट किए भेंट




**बिल्सी, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को संघमित्रा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. मुकेश चंद्र मौर्य ने ट्रस्ट के तत्वावधान में क्षेत्र के करीब 80 क्षय मरीजों को गोद लिया और पौष्टिक आहार का पैकेट सभी मरीजों को उपलब्ध कराया। क्षय रोगियों के लिए संतुलित आहार कई कारणों से महत्वपूर्ण है। खट्टे खाद्य पदार्थ, वसायुक्त मछली, दूध, चना और सूखे मेवे सहित संतुलित आहार बेहतर उपचार और हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डा. ब्रजेश कुमार, राजकुमार मौर्य, राजीव सक्सेना, नरेंद्र यादव, मनोज शर्मा, नीरेश कुमार, सरवर अली, केशव मौर्य, सचिन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बारिश से बिचौला - हरगनपुर की कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील की ग्राम पंचायत अकोली के ग्राम बिचौला में ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश पूर्व सड़क मरम्मत का कार्य नहीं कराए जाने के कारण गांव के मुख्य मार्ग की हालत बदतर हो गई है।आवाजाही के लिए मुख्य मार्ग पर करीब 5 सौ मीटर तक रास्ता कीचड़ में तब्दील है। रास्ते में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां कीचड़ पसरा है। इसी सड़क से होकर 200 घरों की बस्ती के ग्रामीणों को आए दिन शासकीय कामकाज के लिए तहसील एवं अन्य स्थानों पर आना-जाना पड़ता है। गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### आशीष बने अग्रवाल सभा युवा समिति के अध्यक्ष



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के एक रिजॉर्ट में अग्रवाल सभा युवा समिति की बैठक में संगठन की कार्यकारिणी का गठन हुआ। सर्वसम्मति से आशीष सिंघल को युवा समिति का अध्यक्ष, सार्थक गोयल को उपाध्यक्ष, ऋषि अग्रवाल को महामंत्री, रोमिल गोयल को कोषाध्यक्ष, प्रशांत बंसल को मीडिया प्रभारी चुना गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। नितिन सिंघल, रचित बंसल, प्रणव वंश, आयुष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिनव बंसल, सागर अग्रवाल, मोहित, पुलकित, हर्ष अग्रवाल, सचिन, अमित अग्रवाल मौजूद रहे।

### विधायक निधि से बनेगी 7.5 लाख से सड़क, कार्य शुरु



**इस्लामनगर, अमृत विचार :** कस्बा के पोशाकी लाल तिराहे से जामा मस्जिद तक सड़क पर करीब एक साल से जलभराव और कीचड़ से परेशान लोगों की समस्या विधायक ने हल कर दी है। अफसरों के कई बार कहने के बाद समस्या हल नहीं हुई थी। सहसवान विधायक वृजेश यादव ने विधायक निधि से सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया और प्रस्ताव पास करा कर सड़क बनाने का कार्य भी शुरू करा दिया है। गुरुवार से यहां मलबा हटाने का काम शुरु हो गया। गुरुवार को ठेकेदार ने जेई की मौजूदगी में सड़क बनाने का कार्य शुरू करा दिया। कार्य शुरू होने से कस्बे के लोगों में खुशी का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि यह सड़क करीब साढ़े सात लाख रुपए की लागत से बनाई जाएगी।

### आठ लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

**बदायूं, अमृत विचार :** पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में एक लॉन में हो रहे यज्ञ एवं वेद कथा महोत्सव का गुरुवार को समापन हो गया। समापन पर आठ लोगों ने मरणोपरांत शरीर दान दिए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामफूल सिंह, केसी पाल, सुरेंद्र पाल सिंह, जसवीर सिंह और उनकी धर्मपत्नी अमृता सिंह, गिलहरी संस्था के संचालक सुनील गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी ने वेद कथा वाचक अंजली आर्या एवं वेद प्रचारक विद्वानों के सानिध्य में मरणोपरांत अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज के लिए देहदान दिए जाने का संकल्प लिया। सभी देहदानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा जुगल किशोर, भूपेंद्र सिंह हरेंद्र सिंह, संजीव सूरज भान, चौहान आदि मौजूद रहे।

खबरें पेज 11 व 12 पर भी देखें...

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है ।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं । अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है ।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए । पिछले वर्ष जी-20 के कारण

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई ।

पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए ।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए । हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है ।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें ।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है ।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है ।


स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें ।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके । प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है,वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं ।जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है ।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है । इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाजा़र में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता




रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे , खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

– फेसबुक वॉल से

# दिशाओं की बातें



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे ?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं ! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

## एक नजर

### अधिवक्ता के साथ कार सवारों ने की मारपीट

**अलीगंज, अमृत विचार :** अलीगंज के कैल्ढा तिराहे पर कचहरी जा रहे अधिवक्ता को कार सवारों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोपी फरार हो गए। पीड़ित अधिवक्ता ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि अलीगंज स्थित कैल्ढा तिराहा से अलीगंज थाना महज 200 मीटर की दूरी पर है। वह कचहरी जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी एक कार उसके पास आकर रुकी। कार का चालक अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बोला, आजा-आजा एटा चलते हैं। अधिवक्ता ने विरोध किया तो कार चालक और चौराहे पर खड़े अन्य तीन-चार वाहन चालकों ने उस पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि जांच की जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**एटा, अमृत विचार :** बुधवार को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव कुठिला लायकपुर के समीप दो बाइकों की भिडंत हो गई थी। इस दुर्घटना में कुठिला लायकपुर निवासी राजपाल सिंह (45) पुत्र बद्री सिंह, कोतवाली नगर के पटियाली गेट निवासी शारुख पुत्र अफसर, कोतवली देहात के गांव मऊ निवासी भरत पुत्र प्यारेलाल घायल हुआ था। राजपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। देर रात उपचार के दौरान राजपाल की मौत हो गई।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फल वितरित किये

**जलेसर, अमृत विचार :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मेसिस्ट यूनियन के तत्वाधान में मरीजों को फल वितरित किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ पवन शर्मा ने बताया कि चिकित्सा जगत में फार्मासिस्ट महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने समस्त फार्मासिस्टों से आवाहन किया कि वह इसी तरीके से जन सेवा में लगे रहे। डॉ प्रवीण कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, पुष्पेंद्र मिश्रा, अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, उदयवीर सिंह बघेल, मुनीष कुमार वर्मा, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद थे।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ दुष्कर्म की कोशिश

**कासगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में नाबालिक के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि नामजद ने दुष्कर्म की कोशिश भी की है। एफआईआर में ग्रामीण ने बताया कि रात को उनकी पुत्री घर में सो रही थी। जब देर रात किसी काम से सो कर उठा तो देखा की पुत्री चारपाई से गायब है। कुछ देर बाद एक कमरे से चीखने की आवाज आई। कमरा बंद था। जंगले से झांककर देखा तो नामजद दुष्कर्म की कोशिश कर रहा था।

# जीने से उतरते समय गिरी किशोरी, मौत

## परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए किशोरी का शव किया दफन

**कार्यालय संवाददाता, कासगंजः**

**अमृत विचारः** जीने से उतरते समय किशोरी पैर फिसलने से जमीन पर आ गिरी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को दफन कर दिया।

सहावर के मुहल्ला कुरैशी निवासी जमील की 17 वर्षीय पुत्री मुस्कान बुधवार की शाम 7:30 बजे जीने से उतरते समय फिसलकर लुढ़कती हुई नीचे आ गिरी। परिजन गंभीर घायल मुस्कान को सहावर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। हालत में कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मुस्कान का परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पिता जमील ने बताया कि मुस्कान सातवीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि जीने से गिरकर एक किशोरी की मौत हो गई। परिजन कोई कार्रवाई करना नहीं चाह रहे थे। उसके शव को दफना दिया गया है।


किशोरी की मौत के बाद बिलखतीं मां और बहन।

### गृहक्लेश के चलते युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना आमंपुर के गांव अभयपुरा में 32 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव पशुओं के बाडे में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने मौका मुआयना किया। गांव अभयपुरा निवासी 32 वर्षीय साहब सिंह की बेटी काजल गुरुवार की सुबह लगभग पांच बजे पशुओं के बाडे में चारा डालने गई थी। पिता का शव फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। वह जोर-जोर से विलाप करने लगी। परिजन और पड़ोसी आ गए। शव को देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान कुंवरपाल ने घटना की सूचना थाना अमांपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी चंचल सिरोही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि सूचना के आधार पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के गांव नगला घनश्याम विासी कमलेन्द्र सिंह की 19 वर्षीय पत्नी आशादेवी का शव गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे घर के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। लोगों ने शव को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि कमलेन्द्र की शादी 5 माह पूर्व बदायूं के गांव अलापुर निवासी ऊषा के साथ हुई थी। मायके वालों ने मौत पर आशंका जाहिर की। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात कानूनी कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।

### मानसिक रूप से बीमार युवक का नहर में मिला शव

**एटा, अमृत विचार :** जसरथपुर थाना क्षेत्र के बुर्रा स्थित नहर में एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त नयागांव थाना क्षेत्र के गांव इकोरी निवासी प्रदीप उर्फ करू पुत्र महेश चन्द्र मिश्रा के रूप में की है। युवक दो दिन पहले घर से निकला था। तब से लापता था। वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। करु के भतीजा विकास ने बताया कि उनके चाचा प्रदीप कुमार (45) सोमवार को घर से निकले थे। काफी तलाशने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला था। जसरथपुर थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक मानसिक रोगी थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## बैंकर्स गंभीरता से करें कार्य अन्यथा होगी कार्रवाई

**कासगंज, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक हुई। सीडीओ ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज से जोड़े जाने को लेकर न्यूनतम प्रदर्शन वाले बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को सुधार लाने के निर्देश दिए।

सीडीओ सचिन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जाए। बैंक मनमानी न करें। फाइल रिजेक्ट की जाती है तो कारण बताया जाएगा। गवर्नमेंट पोर्टल पर लम्बित समस्त ऋ़ण पत्रावलियों को त्वरित कार्यवाई कर निस्तारित किया जाए। कहा कि जिन बैंक मित्र द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य किया जायेगा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में भाग न लेने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। संचालन एलडीएम बलविंदर सिंह ने किया। बैठक में रिजर्व बैंक के अधिकारी, एवं यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख एवं सभी जिला बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को गुमराह करने पर कार्यालय सहायक निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- अमापुर में तैनात है सहायक, स्कूल से किया गया संबद्ध

**अमृत विचारः** मनमाने ढंग से कार्य करने और अधिकारियों को गुमराह करने के मामले में अमापुर विकासखंड कार्यालय में तैनात कार्यालय सहायक को बीएसए ने निलंबित कर उच्च प्राथमिक विद्यालय तोलकपुर से संबद्ध कर दिया है।

अमापुर विकासखंड कार्यालय में तैनात कार्यालय सहायक प्रीति पर मई 2023 में विभागीय कार्रवाई की गई थी और स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उन्होंने स्पष्टीकरण न देते हुए गुमराह कर दिया। विभाग को अवगत कराया कि स्पष्टीकरण दे दिया गया। बाद में जब कहीं भी पत्र नहीं मिला तो फिर से जवाब मांगा गया। तब और भी गुमराह किया गया। बताया कि उक्त पत्रांक संख्या से पत्र भेजा गया, लेकिन उस पत्रांक संख्या का भी कोई पत्र नहीं मिला। फिर गुमराह करते हुए कहा गया कि खंड शिक्षा अधिकारी को सीधे पत्र दिया गया, लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने भी स्पष्ट मना कर। बीएसए सूर्य प्रताप सिंह ने कार्यालय सहायक को निलंबित कर दिया।

> एक कार्रवाई के मामले में अधिकारियों को कार्यालय सहायक द्वारा गुमराह किया गया। इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। जो भी लापरवाही के प्रकरण सामने आएंगे उन सभी में विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
> -**सूर्य प्रताप सिंह**, बीएसए

### भाकियू का धरना प्रदर्शन 4 अक्टूबर को

**जलेसर।** पिछले पखवाड़े हुई बारिश के चलते तहसील क्षेत्र में हजारों बीघा फसल जल मग्न हो गई थी। समस्या को लेकर भाकियू किसान के तत्वाधान में 4 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन तहसील मुख्यालय पर होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पवन कुमार ने बताया कि यदि कोई अधिकारी समस्याओं के निस्तारण के लिए नहीं आता है तो तहसील की तालाबंदी भी की जा सकती है। कहा कि नहर, बंबे, रजबहा में कटान के कारण हजारों बीघा फसल चौपट हो गई थी। इसका मुआवजा दिलाया जाए। अगली फसल आने तक वसूली रोकी जाए।

## स्वच्छता पर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



स्वच्छता अभियान को लेकर नुक्कड़ नाटक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता,अवागढ़**

- छात्राओं के अभिनय ने उपस्थित लोगों को किया प्रेरित

**अमृत विचारः** जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हम नहीं सुधरेंगे विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कक्षा 11 की छात्रा महक, सृष्टि, नंदिनी, वर्षा, और रूमा तथा कक्षा 9 की छात्रा पूजा कक्षा 8 की छात्रा शिव कुमारी ने अपने अभिनय से सभी मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्देशन हिंदी प्रवक्ता डॉ अमरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

जीव विज्ञान प्रवक्ता सचेंद्र कुमार ने गंदगी के कारण विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों तथा उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया। अर्थशास्त्र प्रवक्ता विवेक दुबे ने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने महात्मा गांधी द्वारा बताए गए रास्ते स्वच्छता ही सेवा को जीवन में अपनाने पर जोर देते हुए बच्चों को निर्देशित किया कि केवल अपने घर परिवार तक ही नहीं अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करे। प्रवक्ता रणवीर कुमार सिंह परमार, डॉ सुधीर उपाध्याय, डॉ एसएन यादव, रामप्रकाश आर्य , दीपक जैन, अश्वनी कुमार, अजय कुमार, मेहरबान राजपूत, अनिल कुमार, रोहित शर्मा, सतीश कुमार, बृजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### जिला जज ने बच्चों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित



**एटा, अमृत विचार :** शिक्षा कमजोर से कमजोर, निर्धन व्यक्ति को आसमान पर पहुंचा सकता है। ऐसा कहना है मध्य प्रदेश के श्योपुर जनपद के जिला जज राकेश कुमार गुप्त का। गुरुवार को रोहन लाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कालेज में पौधरोपण के बाद छात्रों को सम्बोधित करते करते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि मेहनत एवं लगन से अपना लक्ष्य एवं माता पिता के सपनों को पूरा कर सकते हो। सामाजिक संस्था लक्ष्य के सलाहकार सत्य प्रवीन गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से हमे ज्ञान ही नहीं सम्मान भी मिलता है। बैंक अधिकारी सुरेश यादव ने गीत के माध्यम से बच्चों को मोटिवेट किया। जेपी शाक्य ने कहा कि शिक्षा रूपी शेरनी का दूध पीने वाले ही दहाड़ते हैं। प्रधानाचार्य विजय मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दिवस के मौके पर जिला जज ने सपरिवार पौधा रोपित कर हम सबको पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया है। साथ ही छात्र छात्राओं को पढ़ाई के लिए भी प्रेरित किया। यश सक्सेना, अनुपम दुबे, आलोक शर्मा, पंकज सोलंकी, बसंत कुमार, विनय कुमार, अमोल सिंह, गीता, अंजलि, निकिता आदि प्रमुख है। इससे पूर्व जिला जज गुप्त ने आर्य गुरुकुल पहुंचकर एक पौधा लगाया। इस अवसर पर डा. बागीश, अध्वरेश, डा. हरिओम गुप्ता, गौरव गुप्ता, शिवाम आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिका पर लगाया सांसद की अनेदखी का आरोप



**कासगंज, अमृत विचार :** नगर पालिका पर सभासदों ने सांसद की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर स्पष्टीकरण लेने की मांग की है। उपस्थित रजिस्टर में सांसद का नाम न होने की भी शिकायत की है।सभासदों ने अधिशासी अधिकारी पूजा श्रीवास्तव को दिए गए ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा बोर्ड की बैठक से संबंधित कार्यों में सांसद देवेश शाक्य को नजर अंदाज किया जा रहा है। आम बैठक के उपस्थिति रजिस्टर में सांसद का नाम अंकित नहीं किया गया है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाए। ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे भविष्य में इस तरह की परिस्थिति न बने। अर्शी खान, दिलीप कुमार, दीपक पंडा, रुकसाना बेगम, किशवर जहां, अभिषेक, शबाना, मनोज डीबीसी, रामखिलाड़ी, अमित गुप्ता, गौरव यादव शामिल रहे।

### सदर विधायक के बड़े भाई शशिकांत का निधन



**एटा, अमृत विचार :** भाजपा के सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के बड़े भाई व्यवसाई शशिकांत वर्मा उर्फ बबलू का आनिधन हो गया। सुबह टहलते समय अचानक सीने में दर्द होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत पहुंचे और विधायक के बड़े भाई पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मारहरा विधायक वीरेन्द्र वर्मा, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी सुधाकर वर्मा, सपा सांसद देवेश शाक्य, सपा नेता जमशेद आलम, जहीर अहमद सहित कई विधायक एवं पूर्व विधायकों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान आठ लोग किए गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचर :** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 178 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद किए हैं। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा आरोपी बृजभान एवं सत्यपाल निवासी गांव ताजपुर को गिरफ्तार कर 62 क्वार्टर अवैध देशी बरामद हुई है। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा 20 क्वार्टर अवैध देसी शराब के साथ बृजेंद्र निवासी नगला मुंडा को हिरासत में लिया है। इसके अलावा भानु प्रताप एवं पुनीत निवासीगण नमैनी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 34 क्वार्टर अवैध देशी शराब के मिले हैं। सोरों कोतवाली पुलिस को सुधवीर सिंह, राजू यादव निवासी ग्राम मनिकापुर के कब्जे से 40 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस को आरोपी नीरज निवासी मोहनपुर रोड गंजडुंडवारा के कब्जे से 22 क्वार्टर अवैध देशी शराब के मिले हैं। सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है ।

### छात्रों ने नुक्कड़-नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पर आधारित छात्रों ने एसडीएम रिपुदमन सिंह की मौजूदगी में नगर के देववाणी चौक पर नुक्कड़-नाटक कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों को समझाया कि कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें, तथा गन्दगी न करें, और न करने दें, ।छात्रों ने स्वच्छता से सम्बंधित चार्ट-पोस्टर आदि तैयार कर सभी को स्वच्छता का सन्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि हमें अपने घरों में तथा आस-पड़ोस में भी साफ-सफाई रखनी बहुत जरुरी है। 14 सितम्बर से 2 अक्तूवर तक यह अभियान चलाया जायेगा। इस मौके पर प्रशासक अमित माहेश्वरी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### भारत माता और महाराणा प्रताप टीम रही प्रथम

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा उझानी के अयोध्या प्रसाद मेमोरियल पीजी कालेज में चल रहे त्रिदिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। रोवर्स-रेंजर्स ने तंबुओं का शहर बसाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। रेंजर्स वर्ग में भारत माता टीम महाराणा प्रताप क्रयू टीम प्रथम रही। रेंजर लीडर शालिनी शर्मा ने स्काउट ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय डायरेक्टर एमएस अग्रवाल, प्राचार्य डा. प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि युवाओं में अद्भुत शक्तियां होती हैं। सही मार्गदर्शन मिलने से इतिहास भी रचती हैं। रेंजर्स वर्ग में भारत माता टीम प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई टीम द्वितीय, लोटस टीम तृतीय स्थान पर रही। रानी अवंतीबाई टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। जबकि रोवर्स वर्ग महाराणा प्रताप क्रयू प्रथम, स्वामी विवेकानंद क्रयू द्वितीय स्थान पर रहा। विजेता टीम और क्रयू को सम्मानित किया गया।

## आयुर्वेदिक शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**संवाददाता, जलेसर**

**अमृत विचारः** नगर के सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज में गुरुवार को आयुष आपके द्वार के अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा चिकित्सा शिविर में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एएमओ डॉ. शबनम राजपूत ने आयुर्वेद व योग के प्रति जागरूक किया। बदलते मौसम के अनुसार खान-पान, दिनचर्या एवं योग के अनुसार स्वास्थ दिये गये। योग प्रशिक्षक अनिल कुमार कुशवाह ने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया। योग कार्यक्रम की शुरुआत ताड़ासन से की, जो शरीर की लंबाई बढ़ाने और मांसपेशियों को मजबूत करने में सहायक है। इसके बाद उन्होंने वृक्षासन करवाया, जो संतुलन और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है। अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी का अभ्यास कराया। अनिल ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से बच्चों का शारीरिक विकास तीव्र होता है और उनका मानसिक संतुलन भी बेहतर बनता है।

शिविर में योग सहायक सचिन कुमार, भत्य राजकुमार, प्रबंधक बी. एल. कुशवाह, प्रधानाचार्य रीना शाक्य , कृष्ण पाल, वेदप्रकाश कुशवाह, जगदीश रावल आदि का विशेष सहयोग रहा।


आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में चिकित्सक व अन्य। ● अमृत विचार

## युवक पर चाकुओं से हमला, बाइक में आग लगाई

**एटा, अमृत विचारः** बाइक से जा रहे एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी बाइक में आग लगा दी। देवेंद्र पिलुआ के गांव गदुआ का निवासी है और मारहरा कस्बे के पिदौरा अड्डे के पास किराए पर रहता है। देवेंद्र बाइक से गांव जा रहा था। पचपेड़ा बंबा के पास तीन बाइकों से ओमकार पुत्र महीपाल सिंह निवासी इटारी समेत नौ लोग आए और चाकुओं से हमला कर घायल कर दिया। बाइक में आग लगाकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

सीओ सदर संजय सिंह और इंस्पेक्टर मारहरा जांच कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि पहले से ही नामजद आरोपियों के साथ एक लड़की की शादी के लिए दिए गए 6 लाख रुपये को लेकर रंजिश चल रही है।

## डीपीआरओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**सिढ़पुरा, अमृत विचारः** जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को सिढ़पुरा विकास खंड के गांव सिकहरा, चांदपुर, लोंगपुर, पावलढेरा एवं करमपुर में विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डीपीआरओ ने पंचायत भवन, आरआरसी सेंटर, राज्य वित्त व केन्द्रीय वित्त आयोग से निर्मित इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोंगपुर, करमपुर एवं पावलढेरा के पंचायत घर क्षतिग्रस्त पाए गए। डीपीआरओ ने कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए । कहा कि प्रथम दृष्टया पाया गया है कि निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता में कमी रही है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अपनी आख्या प्रेषित करेंगे जिसमें दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी। ब्लॉक कॉर्डिनेटर ब्रहमानन्द, पंचायती राज जे ई धमेंद्र, सचिव सत्येन्द्र, ग्राम पंचायत, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र, मोहनलाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


सिकहरा में आरआरसी सेंटर निरीक्षण करतेते डीपीआरओ देवेंद्र सिंह।

## नगला शर्की में लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**बदायूं,अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय ओमपाल सिंह के निवास पर मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के दो सौ लोगों ने अपनी आंख का परीक्षण कराया।

गुरूवार को गांव नगला शर्की में लगे कैंप का आयोजन जितेंद्र राठौर द्वारा किया गया। जिसमें बरेली के नेत्र विशेषज्ञ अमित राठौर द्वारा कैंप में 200 से अधिक मरीज के नेत्रों की मुफ्त में जांच की गई और 20 मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के मुफ्त में ऑपरेशन किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर शिवम पटेल उर्फ़ शानू, मचकेंद्र सिंह, विक्की सिंह रजत सिंह, मोहित सिंह ,अखिलेश राठौर आदि मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओ ने अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर दरिसाईं अकादमी में निबंध प्रतियोगिता एवं एसएस कंप्यूटर कोचिंग सेंटर पर भाषण प्रतियोगिता कराई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सचिन दूसरे स्थान पर अर्पित, तीसरा आरजू ने हासिल किया। विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विभाग उपाध्यक्ष डा. पकज वार्ष्णेय ने अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम पर्व है। ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले सामान्य परिवार की बालिका से एक असाधारण शासनकर्ता तक की उनकी जीवनयात्रा प्रेरणा का महान श्रोत है। समाज के सभी वर्गो का सम्मान, सुरक्षा, प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार रही। गोविंद, बंटी मिश्रा, काजल वर्मा, नयन वर्मा, अभिषेक यादव,आस्था शर्मा आदि सेवा भारती के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।


निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

## छात्राओं ने की सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य लक्ष्य स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में सबसे पहले स्वयं सेविकाओं ने विद्यालय में शिविर लगा कर विद्यालय परिसर की सफाई की। घास को काटा, पत्ते साफ किए। दरांती से पेड़ों की कटाई की। कूड़ा कूड़ेदान में ही डाला गया। प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने स्वच्छता के महत्व को बताया। उन्होंने छात्राओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। इस मौके पर रागिनी, शगुन, वैष्णवी, पंचम श्रीवास्तव, अशिफा, आशा आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

## अभियान को गति देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री


**संवाददाता, एटा**

- उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत एटा पहुंचे। उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बताया कि सदस्यता अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम लोगों को पार्टी से जोड़ना है। सदस्यता 6 वर्ष के लिए मान्य होती है, और इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के विकास कार्यों की भी प्रशंसा की।

कहा कि केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर भाजपा सरकार ने न केवल आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों के कारण राज्य और देश में तेजी से प्रगति हो रही है।


पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत के साथ भाजपा नेता। ● अमृत विचार

रबड़ फैक्ट्री: करीब 14 सौ एकड़ जमीन वापस लेने के लिए नए सिरे से कानूनी स्टैंड लेने की तैयारी, राज्य सरकार से मांगी अनुमतिं

# बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में अलग वाद दायर करेगा प्रशासन

राकेश शर्मा, बरेली

एक्सक्लूसिव

- मुंबई के दो बड़े वकीलों के नाम भी तय किए, फीस शेड्यूल मंजूरी के लिए भेजा
- मंडलायुक्त और यूपीसीडा ने शासन को लिखे पत्र, जल्द निर्णय लेने का आग्रह

**अमृत विचार:** रबड़ फैक्ट्री की करीब 14 सौ एकड़ जमीन राज्य सरकार के पक्ष में वापस लेने के लिए जिला प्रशासन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में पहले से चल रहे केस से अलग नया वाद दायर करने के साथ डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में भी वाद दायर करने का फैसला लिया है। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। दोनों कोर्ट में याचिका दाखिल करने के लिए मुंबई के दो नामचीन वकीलों के नाम भी तय कर दिए गए हैं। अब राज्य सरकार से याचिका दाखिल करने की अनुमति मांगने के साथ दोनों वकीलों के फीस शेड्यूल की भी मंजूरी मांगी गई है।

रबड़ फैक्ट्री की जमीन को राज्य सरकार के पक्ष में लेने का केस काफी समय से बॉम्बे हाईकोर्ट में अटका हुआ है। करीब दो महीने पहले इस मुद्दे पर शासन की ओर से लखनऊ में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। इसके बाद अब नए सिरे से कानूनी पक्ष तैयार करने की तैयारी शुरू की गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में नए सिरे से अलग-अलग वाद दायर करने के लिए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से 17 सितंबर को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील अनिल सिंह की ओर से रबड़ फैक्ट्री के केस में हाईकोर्ट और डीआरटी मुंबई में जमीन का कब्जा वापस लेने के संबंध में अलग वाद दाखिल करने की योजना की जानकारी दी गई थी।

इसके बाद 23 सितंबर को यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार की ओर से भी उप सचिव औद्योगिक विकास को पत्र लिखा गया जिसमें मंडलायुक्त की ओर से 17 सितंबर को भेजे पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में वाद दाखिल करने के लिए अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किए जाने की जानकारी देते हुए उनसे याचिका तैयार कराने और उसकी प्रभावी पैरवी के साथ बहस करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन से आबद्ध करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में दोनों वकीलों को शासन से आबद्ध करने के संबंध में उनकी फीस के शेड्यूल की भी संस्तुति की गई है। इसके साथ बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी मुंबई में याचिका दाखिल करने के संबंध में शासन स्तर पर जल्द निर्णय लेने का भी आग्रह किया गया है।

**1999 में बंद हो गई थी रबड़ फैक्ट्री:** फतेहगंज पश्चिमी में रबड़ फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3.40 लाख रुपये लेकर 1382.23 एकड़ भूमि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने लीज पर दी थी। लीज डीड में यह शर्त शामिल थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। फैक्ट्री 15 जुलाई 1999 को बंद हो गई।

### फिलहाल राज्य सरकार पक्षकार है केस में

बॉम्बे हाईकोर्ट में पिटीशन नंबर 999/2020 अलकेमिस्ट एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन लिमिटेड बनाम मेसर्स सिंथेटिक एंड केमिकल्स लिमिटेड व अन्य के केस में राज्य सरकार पक्षकार है। राज्य सरकार की ओर से हस्तक्षेप आवेदन के दाखिल किए जाने के बाद से लगातार तारीखें पड़ रही हैं। सभी पक्षों से बहस भी हो चुकी है। हाईकोर्ट में 10 सितंबर को भी इस केस की तारीख थी लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। सरकार पहले से मजबूत पैरवी कर रही है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सी सिंह ने कई तारीखों पर मुंबई जाकर पैरवी की है।

## नशे में बस चलाने पर चालक परिचालक की सेवा समाप्त

**बरेली अमृत विचार :** शराब के नशे में बस दौड़ाने पर आरएम ने बरेली डिपो के संविदा चालक और परिचालक की सेवा समाप्त कर दी गई है। जांच में दोनों पर आरोप सही पाए गए थे। 14 सितंबर को बरेली डिपो के चालक-परिचालक के खिलाफ दो शिकायतें मिलीं। पहली शिकायत रामपुर बस अड्डे से आई, जहां चालक सुमित शर्मा को शराब के नशे में बताया गया। शिकायत मिलते ही एआरएम ने रामपुर में संपर्क किया और सुमित की जांच कराई गई। वहीं दूसरी शिकायत उझानी से आई, जहां परिचालक शिवकुमार के शराब के नशे में होने की सूचना मिली। मेडिकल कराने पर दोनों में शराब पीने की पुष्टि हुई। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने जांच में आरोप सही पाए जाने पर रिपोर्ट आरएम दीपक चौधरी को भेज दी। जिसके बाद दोनों संविदा चालक व परिचालक की सेवा समाप्त कर दी गई है।

## बरेली की खिलाड़ियों के बिना ही चुनी गई मंडलीय कबड्डी टीम

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को कबड्डी की बालिका सब जूनियर वर्ग की मंडलीय टीम के लिए ट्रायल हुए। बरेली की टीम के न पहुंचने से बिना बरेली के खिलाड़ियों के ही मंडलीय टीम चुनी गई। यह टीम 28 से 30 सितंबर को कौशांबी में होने वाली प्रदेशीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

गुरुवार को ट्रायल में शाहजहांपुर और पीलीभीत की खिलाड़ी कोच के साथ पहुंची लेकिन बदायूं की टीम के साथ कोई कोच नहीं था, फिर भी बदायूं की खिलाड़ियों ने दम दिखाया। ट्रायल में पहला मैच बदायूं और पीलीभीत के बीच खेला गया, जिसमें बदायूं की टीम की सभी खिलाड़ियों ने रेडर और डिफेंस में अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं पीलीभीत की टीम की एक खिलाड़ी ही डिफेंस में मजबूत रही। इसके बाद बदायूं की टीम की पांच खिलाड़ियों और पीलीभीत की दो खिलाड़ियों टीम बनी, जिसका मुकाबला शाहजहांपुर से कराया गया। तीनों जिलों की टीम से 13 सदस्यीय मंडलीय टीम चुनी गई, जिसमें बदायूं की पांच, शाहजहांपुर की चार और पीलीभीत की चार खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में जया यादव, दिव्या यादव, दिशा गंगवार, तनू श्रीवास्तव, नीतू यादव, निराली गुप्ता, कोमल, शिवानी सिंह, भावना, शिवानी, शिवान्या, शिवानी वर्मा, प्रतिज्ञा शामिल हैं।

# चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाएं मुसलमान

## ईद मिलादुन्नबी पर विवाद के बाद दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने जारी की अपील

बरेली कार्यालय

- विरोध पर अफसोस जताया, कहा- इस्लामी झंडे को बताया जा रहा है पाकिस्तानी
- कहा- हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया भर में ईद मिलादुन्नबी पर हरे झंडे लगाए जाते हैं

**अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मौलाना मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने मुसलमानों से अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाने की अपील की है। उन्होंने इस बात पर अफसोस भी जताया है कि इस इस्लामी झंडे को पाकिस्तानी झंडा बताकर विरोध किया जा रहा है और इसे माहौल खराब करने का बहाना बनाया जा रहा है।

ईद मिलादुन्नबी पर मुसलमानों के अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे लगाने का जिले में कई जगह विरोध किया गया था। हिंदू संगठनों ने शिकायत की थी कि घरों पर पाकिस्तान का झंडा लगाया गया है, इन शिकायतों पर पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। अब दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन अहसन मियां ने कहा है कि मुसलमान पैगंबर इस्लाम की आमद पर इस्लामिक झंडा लगाकर खुशी मनाते हैं। हरे रंग का इस्लामी झंडा गुंबद रसूल से निस्बत का पैगाम देता है। सिर्फ हिंदुस्तान नहीं, दुनिया भर में ईद मिलादुन्नबी पर हरे झंडे लगाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक किसी को इस पर कोई एतराज नहीं था, लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि हरे झंडे पर न सिर्फ एतराज किया जा रहा है बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। चांद-सितारा वाला झंडा खूबसूरती के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन लोग इसे पाकिस्तान से जोड़कर माहौल खराब कर रहे हैं। सही बात यह है कि मुसलमान के दिमाग में यह झंडा लगाते समय पाकिस्तान का ख्याल तक नहीं आता। उन्होंने अमन बनाए रखने के लिए मुसलमानों से अपील की है कि ऐसे हरे रंग के झंडे जिन पर चांद सितारा बना हो, उनका इस्तेमाल न करें। झंडे बनाने वालों से भी ऐसे झंडे न बनाने की अपील की है कि जिसका ताल्लुक किसी और देश के झंडे से हो। दरगाह आला हजरत से जुड़े परवेज नूरी ने कहा कि इन गैरजरूरी बातों से दूर रहकर देश में अमन चैन और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है।

## तंत्र विद्या किया करता था दुष्कर्म का आरोपी सचिन

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष चौक निवासी सचिन सूर्यवंशी दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। बताया जा रहा है कि वह हमेशा अजीब तरह के कपड़े पहनता था और हमेशा टीका लगाए रहता था। वह तंत्र विद्या जानता है। जिसका प्रयोग वह महिलाओं पर करता था। अंधियारा पाक के दौरान काली रात में वह भी काले कपड़े पहनता था। कपड़े की गुड़िया खरीदकर और अंडे लेकर तंत्र मंत्र करता रहता था। अपनी शरीर पर राख लगाने के अलावा कपड़े की गुड़िया में सुई चुभोता था। आरोप है कि वह आसानी से लोगों को अपने वश में करता था। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। सदर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज जा चुका है। आगे की जांच की जा रही है।

## किशोरों को अपहृत करने के शक में युवक को पीटा

मुरादाबाद कार्यालय

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नाबालिगों का अपहरण करने के शक में गुस्साई भीड़ ने कार सवार युवक की धुनाई कर दी। उसकी कार भी फूंक दी। पुलिस किसी तरह उसे बचाकर थाने लाई और युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

उधर, आरोपी पक्ष ने मारपीट और आगजनी करने के आरोप में 100- 150 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला खोकरान सराय किशनलाल निवासी तौफीक अहमद का बेटा हस्सान (16) छोटे भाई के साथ बुधवार रात चांद वाली मस्जिद की ओर जा रहा था। तभी प्रिंस रोड बिजलीघर के पास कार सवार युवक ने उन्हें बुलाया और 500 की नोट देकर गुटखा लाने को कहा। हस्सान ने गुटखा लाकर दिया तो उसने कहा कि कार में बैठ जा। इनकार करने पर गोली मारने की धमकी दी। इस पर दोनों भाई भाग निकले। आरोप है कि इसके बाद कार सवार युवक आरिफ के बेटे आदिल (14) को जबरदस्ती कार में बिठाने लगा, उसके शोर मचाने पर भीड़ जुट गई, आरोपी की पिटाई के साथ उसकी कार भी फूंक दी। आरोपी नसीर रामपुर के टांडा का रहने वाला है। तौफीक अहमद ने नसीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर आरोपी युवक के परिजन भी सूचना पाकर थाने पहुंचे। बताया कि नासिर चिकन खाने के लिए होटल आया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।


### कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक: 51/न.पं.ब./2024-25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले सार्वजनिक शौचालयों एवं यूरिनल का निर्माण कार्य को कराये जाने हेतु की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 27.09.2024 | प्रात: 10:00 बजे |
| ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि | 27.09.2024 | प्रात: 11:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 05.10.2024 | अपरान्ह 04:00 बजे |
| बिड खुलने की तिथि | 05.10.2024 | प्रात: 10:00 बजे |

लालचन्द्र भारती, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत
श्याम बिहारी भोजवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत


# युवक को आया होश, प्राइवेट पार्ट पर करंट लगाने की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छोटे भाई के एक युवती से प्रेम विवाह करने की सजा उसे बड़े भाई को भुगतनी पड़ी। युवती के परिजनों ने उसे बेरहमी से पीटा। यातनाएं दी। कालिख पोती, करंट लगाया, लाठी-डंडो व बेल्टों से पीटा और मरणासन्न समझकर चले गए। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। होश आया तो वह डरा हुआ है। कांपती आवाज में परिजनों को आपबीती बताई कि आरोपियों ने उसके प्राइवेट पार्ट पर भी करंट लगाया था। प्रेस से पीठ जलाई थी। वह ज्यादा नहीं बोल पा रहा है। वहीं पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

कस्बा दातागंज क्षेत्र के मोहल्ला नालापार निवासी आमिर ने एक युवती को ले जाकर प्रेम विवाह कर लिया था। आमिर के भाई इरशाद के अनुसार उनका दूसरा भाई अरशद मंगलवार रात मंदिर के पास से गुजर रहा था। युवती के परिजन लल्ला बाबू, जुल्फिकार, जमील, आफताब, नदीम, तसलीम, मुबीन, आफताब ने उसे घेर लिया। अपने घर ले जाकर बंधक बनाया। रात भर बेल्ट से बांधकर करंट लगाया और तरह-तरह से यातनाएं दी। सुबह मरणासन्न छोड़ गए। मारपीट का वीडियो वायरल हो गया। इरशाद की तहरीर पर पुलिस ने 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। घायल अरशद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तीन आरोपियों को जेल भेजा। दातागंज कोतवाल अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# डिजिलॉकर पर डिग्री, मार्कशीट अपलोड करने में रुविवि को देश में पहला स्थान

बरेली कार्यालय

- एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत सबसे अधिक 4.8 लाख डिग्री और मार्कशीट की अपलोड
- देश के टॉप 25 विश्वविद्यालयों में यूपी के चार विश्वविद्यालय शामिल

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के तहत डिजिलॉकर पर सबसे अधिक 4 लाख 80 हजार डिग्री और मार्कशीट अपलोड करने पर देश में पहले स्थान पर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से गठित राष्ट्रीय शिक्षा नीति जोन ग्रुप ने इसकी सूचना विश्वविद्यालय को दी है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि डिजिलॉकर पर मार्कशीट और डिग्री उपलब्ध होने से छात्रों को अत्यधिक लाभ होता है, क्योंकि उन्हें मार्कशीट और डिग्री के लिए सत्यापन के लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित के कार्यों को प्रथम वरीयता देता है और उसके लिए संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध एवं कटिबंध है।

**सर्वाधिक दस्तावेज अपलोड करने वाले टॉप 25 संस्थान:** पिछले 100 दिनों में देश के 450 से अधिक संस्थानों ने एपीएआर आईडी के साथ 45 लाख से अधिक क्रेडिट-पैटर्न रिकॉर्ड अपलोड किए हैं। इनमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय 4.8 लाख रिकॉर्ड के साथ पहले स्थान पर है। इसके अलावा गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने 3.5 लाख, मैसूर विश्वविद्यालय ने 2.2 लाख, उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ने 1.7 लाख, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने 1.6 लाख रिकॉर्ड, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय सूरत ने1.6 लाख, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर ने 1.6 लाख, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ ने 1.2 लाख, दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक लाख, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर ने 98 हजार, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने 93 हजार, महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने 93 हजार, मैंगलोर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तू ने 77 हजार, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय कोलकाता ने 73 हजार रिकॉर्ड, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम ने 68 हजार, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने 61 हजार, रानी चन्नम्मा विश्वविद्यालय, बेलगावी ने 56 हजार, एसआरएम विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई ने 56 हजार, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर ने 55 हजार अभिलेख, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने 51 हजार, गांधी प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (गीतम) ने 51 हजार, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 51 हजार और मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने 50 हजार रिकॉर्ड अपलोड किए हैं।


### कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक: 52/न.पं.ब./2024-25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अन्तर्गत 05 एवं 03 टी.पी.डी. वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के सिविल निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) का निर्माण कार्य को कराये जाने हेतु की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 27.09.2024 | प्रात: 10:00 बजे |
| ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि | 27.09.2024 | प्रात: 11:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 05.10.2024 | अपरान्ह 04:00 बजे |
| बिड खुलने की तिथि | 05.10.2024 | प्रात: 10:00 बजे |

लालचन्द्र भारती, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत
श्याम बिहारी भोजवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत



### पूर्वोत्तर रेलवे

एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट सूचना सं. 2024/मेड/03 दिनांक 24.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/इज्जतनगर द्वारा रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र कासगंज, फतेहगढ़, मथुरा छावनी, पीलीभीत, लालकुआँ, काठगोदाम एवं काशीपुर के रेलवे मरीजों के विभिन्न पैथोलोजिकल जाँचे नकदीहीन आधार (कैशलेस बेसिस) पर अद्यतन उक्त शहर के सी.जी.एच.एस.दर/नजदीकी शहर के सी.जी.एच.एस.के दरों/या उससे कम दर पर करने हेतु पैथोलोजिकल जाँच केन्द्रों (डायग्नोस्टिक सेन्टर्स)/चिकित्सालयों/फर्मों/प्रयोग शालाओं, जो उक्त शहर के नगर निगम क्षेत्र में स्थित हो तथा तीन वर्ष या अधिक समय से जाँच कर रहा हो से दो वर्ष की अवधि के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जा रहा है। उक्त के लिए जो भी फर्मे इच्छुक हों से अनुरोध है कि वो अपना एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर में उपलब्ध सूचना बाक्स में जमा करें। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर में किसी भी कार्य दिवस में कार्य अवधि 10.00 बजे से 13.00 बजे तक आकर प्राप्त की जा सकती है।

• **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान तथा तिथि:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें, इज्जतनगर के कार्यालय से दि0 22.10.2024 तक समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक कार्यालय के कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। • **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान:** 23.10.2024 समय 10.00 बजे से 15.00 बजे तक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें, इज्जतनगर कार्यालय में स्थित एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स में। • **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स बन्द करने की तिथि एवं समय :** 23.10.2024 समय 15.00 बजे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें, इज्जतनगर के कार्यालय में। • **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स खोलने की तिथि:** 23.10.2024 समय 15.30 बजे । यदि इस तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो बाक्स अगले कार्य दिवस में उसी निर्धारित समय खोला जायेगा। • एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट नोटिस तथा एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र पूर्वोत्तर रेलवे की वेब साइट www.ner.indianrailways.gov.in. पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, इज्जतनगर
मुजाधि/विविध - 18

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



### कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बापुर वि.खं.शेरगढ़ जनपद बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत कस्बापुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत कामन सर्विस सेंटर एवं ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत आर आर सी सेंटर निर्माण हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आंमत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण | 5 लाख |
| 2. | ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत आरआरसी सेंटर का निर्माण | 372000 |

उक्त कार्य हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 26.09.2024 से आमंत्रित की जाती है दिनांक 28.09.2024 को दिन शनिवार सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — सचिव



### कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 910/मु.अभि./नि.वि./2024-25 दिनांक : 21.09.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितंबर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| पुन: ई-निविदाएं आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 13 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 25.09.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 25.09.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 03.10.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 03.10.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |
| **पुन: ई-निविदाएँ आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 14 से 25 तक)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27.09.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 27.09.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 03.10.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 03.10.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली


## कहानी वाचन प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा



**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में आज कक्षा 1 से पांच तक के विद्यार्थियों को हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था एक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा भारतीय महान खिलाड़ी की प्रेरणास्पद कहानी, जिसमें हिस्सा लेकर छात्र छात्राओं ने प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कहानियां सुनाईं। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, सरदार पटेल, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां, लक्ष्मीबाई, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, महेन्द्र सिंह धोनी, मेजर ध्यानचंद, साइना नेहवाल, पीटी ऊषा, , आदि के संबंध में कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज का नाम रोशन करने को प्रेरित किया गया ।विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने कार्यक्रम की सराहना की है।

## गोवंश की दुर्दशा को लेकर दिया ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** बजरंग सेना के राष्ट्रीय सचेतकराहुल त्रिवेदी ने बजरंग सेना के पदाधिकारियों के साथ गौ माता पर हो रहे अत्याचार को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जिले में गौमाता की स्थिति बहुत खराब है। जिले में गौवंश की दुर्दशा हो रही है। हजारों गौवंश सड़कों पर घूम रही हैं। उन्हे चारे की व्यवस्था नहीं है। ज्ञापन में चेतावनी दी गयी है कि यदि गोवंश की सुरक्षा नहीं की गयी तो बजरंग सेना के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करेंगे और सरकारी गौ शालाओं में छापा मारेंगी।

## तमंचा दिखाकर बाइक सवार को लूटने का प्रयास

**बदायूं, अमृत विचार :** जंगल से गुजर रहे बाइक सवार को रोककर बदमाशों ने उनपर तमंचा तान दिया। उसे लूटने का प्रयास था। बाइक सवार भाग निकला और सूचना देकर ग्रामीणों को बुला लिया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस ने जंगल में कांबिंग की लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग सका। गांव मौजमपुर निवासी मनीष पटेल बिनावर से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग से सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की पराग दुग्ध फैक्ट्री होते हुए अपने घर बाइक से लौट रहे थे। पराग फैक्ट्री के पीछे दो बदमाश उनकी बाइक के सामने आए और तमंचा तान लिया। मनीष के अनुसार उन्होंने वहां से भागकर जान बचाई। ग्रामीणों को बुला लिया। पुलिस को अवगत कराया। सीओ सीओ संजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मौके पर पहुंचे। मनीष से बात करते बदमाशों की तलाश की लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। वहीं पास के गांव सिलहरी में पटाखे की आवाज को लोगों ने फायरिंग समझा और घरों की छतों पर चढ़ गए। बाद में पता चला कि छुट्टा गोवंश को भगाने के लिए किसी ने पटाखा फोड़ा था।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : 946/न.पा.प.ब./2024-25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 25.09.2024

नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली) को राज्य शहरी आजीविका मिशन (एस.यू.एल.एम.) उ.प्र. (राज्य नगरीय विकास अभिकरण-सूडा उ.प्र.) के पत्रांक 5189/241/NULM/तीन/2001(SUH) SLPSCIV दिनांक 02.03.2024 द्वारा नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली) सीमान्तर्गत नई बस्ती बहेड़ी स्थित शैल्टर होम के निर्माण/मरम्मत हेतु प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी एक अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य | निविदा के मूल्य पर जीएसटी 18 प्रतिशत | निविदा का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | अनुमानित लागत पर धरोहर राशि 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शैल्टर होम में निर्माण/मरम्मत इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 196030 (GST सहित) | 200 | 36 | 236 | 3920 | 3 माह |
| 2. | शैल्टर होम की दीवारों पर ग्लैज्ड टाइल्स की निर्माण/मरम्मत का कार्य। | 212932 (GST सहित) | 220 | 40 | 260 | 4260 | 3 माह |

1. वेबसाइड पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 27.09.2024 को प्रात: 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्सम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 08.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.10.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. उपरोक्त कार्यो के लिए प्रत्येक निविदादाता को पृथक-पृथक निविदा उपलब्ध कराना होगा। निविदा शुल्क नगर पालिका परिषद बहेड़ी के पंजाब नैशनल बैंक बहेड़ी में खुले खाता सं. 3867002100001480 आई.एफ.एस.सी. कोड PUNB0386700 में RTGS/NEFT के माध्यम से फर्म के स्वयं के खाते से ही जमा करानी होगी तथा निविदा हेतु 02 प्रतिशत धरोहर राशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहेड़ी के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर से जारी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में बंधक कराना होगी। निविदा व धरोहर राशि RTGS/NEFT एवं एफ.डी.आर./एन.एस.सी की पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। नियम व शर्ते ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदादाता निविदा अपलोड करते समय नियम एवं शर्ते भली-भांति पढ़कर ही निविदा अपलोड करे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लागइन करें तथा बिड डाक्यूमेट को डाउनलोड करे।

(जितेन्द्र सिंह), अवर अभियन्ता (सिविल), न.पा.परिषद बहेड़ी (बरेली)
(वीरेन्द्र प्रताप सिंह), अधिशासी अधिकारी, न.पा. परिषद बहेड़ी (बरेली)
(रश्मि जायसवाल), अध्यक्ष, न.पा. परिषद बहेड़ी (बरेली)

## दो कैदियों की रिहाई एक बरेली जेल का

**लखनऊ, अमृत विचारः** राज्यपाल ने हत्या दोषसिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास की सजा पाए दो कैदियों को समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है, जबकि एक कैदी का आचरण संतोषजनक न पाए जाने के कारण रिहाई निरस्त कर दी है। बरेली कारागार में निरुद्ध गुड्डू पुत्र रहीम सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र का निवासी था। 2005 में गुड्डू को मृत्युदंड की सजा मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। गुड्डू का जेल में आचरण संतोष जनक पाए जाने पर राज्यपाल ने समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है। इसी तरह फतेहपुर जेल में बंद अनुज कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी को जलाकर हत्या कर दी थी। 1994 में अनुज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उधर, वाराणसी जेल में बंद सुशील पटेल जो कि बलिया का रहने वाला है, ने तीन सह अभियुक्तों के साथ 12 वर्षीय किशोरी की बलात्कार कर हत्या कर दी थी। इसलिए राज्यपाल ने सुशील की रिहाई निरस्त कर दी।

# डॉक्टर दंपती से 1.86 करोड़ ठगे

## आईएफएस अधिकारी और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- अनी बुलियान ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट के नाम कंपनी खोल की ठगी
- डॉक्टर दंपति के क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी आईएफएस अधिकारी

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विशालखंड-2 निवासी डॉक्टर दंपति से निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1,86,89,310 रुपये ठग लिए गए। यह ठगी अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के सीएमडी अजीत गुप्ता और उनकी आईएफएस पत्नी निहारिका सिंह ने की।

डॉक्टर दंपती ने गोमतीनगर कोतवाली में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। दंपती ने बताया कि आईएफएस अधिकारी उनके क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी। उनको करीब 18 साल से जानते हैं। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। विशालखंड निवासी डॉ. शैलेश अग्रवाल और उनकी पत्नी मृदुला अग्रवाल का निजी क्लीनिक है। दोनों ने बताया कि उनकी पहचान आईएफएस अधिकारी निहारिका सिंह से 2016 से थी। वह अपनी बेटी अनी को दिखाने के लिए क्लीनिक पर आती थी। इस दौरान निहारिका सिंह ने अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के बारे में जानकारी दी। कहा कि इसके सीएमडी उनके पति अजीत गुप्ता है। वह 2010 से सात से आठ कंपनी चला रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। डॉक्टर दंपती ने बताया कि निहारिका सिंह क्लीनिक पर जब भी आती थी निवेश के लिए जरूर बात करती थी। उनकी बातों में आकर डॉ. शैलेश अग्रवाल ने अनी बुलियन ट्रेडर्स में धीरे-धीरे कर कई किस्तों में 1,22,26060 रुपये का निवेश किया। वहीं, उनकी पत्नी डॉ. मृदुला ने 64,63,250 रुपये का निवेश किया। अचानक से 2019 में निवेशकों का धन आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लि. में निवेश करने की जानकारी हुई। इसी बीच अजीत को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। निहारिका सिंह से संपर्क किया गया तो कहा गया कि अजीत के जेल से बाहर आने के बाद ब्याज समेत रुपये वापस कर दिए जाएंगे। डॉक्टर दंपती ने बताया कि ठगी की शिकायत गोमतीनगर थाने में की। पुलिस ने कोई मदद नहीं की। डीजीपी कार्यालय तक पत्राचार किया, वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके कोर्ट में अर्जी डाली। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर-2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट-अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस



योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।

## सार-संक्षेप

### ड्रोन कैमरे में कैद हुआ आदमखोर लंगड़ा भेड़िया



**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार :** वन विभाग को जिस लंगड़े खूंखार भेड़िया की तलाश थी, वह भी ड्रोन कैमरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने उसकी निगरानी के लिए टीम लगा दी है। अब छठे भेड़िया को पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 45 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। भेड़िया के हमले को रोकने के लिए वन महकमा ने अब तक पांच भेड़िया को पकड़ा है। लेकिन सबसे खतरनाक और झुंड का सरदार लंगड़ा भेड़िया को अभी तक नहीं पकड़ पाया है। गुरुवार सुबह छठा भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हो गया। महसी के सिकंदरपुर इलाके में दिखा छठा भेड़िया दिखा है। कई दिनों से वन विभाग की टीम को छठा भेड़िया चकमा दे रहा है। छठा भेड़िया के ड्रोन कैमरे में कैद होने से उसके पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

### पेसमेकर घोटाले के सप्लायर की जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता,लखनऊ :** सैफई के बहु चर्चित पेसमेकर घोटाला मामले में अभियुक्त बनाए गए सप्लायर इन्द्रजीत कुमार की जमानत याचिका गुरुवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने पारित किया। मामले में आरोप है कि एमआरआई पेसमेकर की जगह नॉन एमआरआई पेसमेकर की सप्लाई कर डॉक्टरों और मरीजों से मोटी रकम ऐंठी गयी। आरोप है कि इन्द्रजीत कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. समीर सर्राफ के साथ साठगांठ कर नकली पेसमेकरों की सप्लाई की। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता पांशु अग्रवाल ने दलील दी कि मामले में 7 फरवरी 2022 को इटावा के सैफई थाने में डॉ. आदेश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराते हुए, ऑडिट समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. समीर सर्राफ को नामजद किया था। दलील दी गई कि मामले में इन्द्रजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर में सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं बल्कि उसका नाम विवेचना के दौरान लाया गया।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है। विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था। बतादें कि एसटीएफ ने पारुल सोलोमन की गिरफ्तारी एसटीएफ कार्यालय में ही पूछताछ के दौरान की है।

### भारत में प्रतिबंधित है चाइनीज लहसुन



**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेहत के लिए खतरनाक प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन के बाजार में धड़ल्ले से बिक्री पर गम्भीर रूख अपनाते हुए, फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को शुक्रवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पूछा है कि चाइनीज लहसुन बाजारों में कैसे खुलेआम बेंचा जा रहा है जबकि उस पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से भी पूछा है कि देश में उक्त प्रतिबंधित लहसुन के प्रवेश को रोकने के लिए क्या तंत्र है और क्या सरकार ने प्रतिबंधित लहसुन के देश में आवक का स्त्रोत पता करने के लिए कोई कार्रवाई की है। न्यायालय मामले की सुनवायी शुक्रवार को पुन: करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया।

## अश्लील हरकत करने वाले शाहजहांपुर के युवक को जेल

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के सात थाना क्षेत्रों में वांछित और वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। वहीं प्रभावी कार्रवाई के तहत 14 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

थाना रामपुरमथुरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित शाहजहांपुर जनपद के थाना जैतपुर स्थित जिगनिहा निवासी राहुल पुत्र सोनपाल सिंह और इलाके के केवड़ा निवासी हरद्वारी पुत्र समई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना इमलिया सुल्तानर पुलिस ने छत्रपाल, खैराबाद पुलिस ने राकेश कुमार और कुबली की गिरफ्तारी की। थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा रमाकान्त, मनोज, अमरजीत और मायाराम को जेल भेजा। तालगांव से मंटू और सूरज चोरी से काटे हुए 15 बोटे लिप्टिस के व जलौनी कुल करीब 2 क्विटंल लकड़ी के साथ गिरफ्तार किये गए। अभियुक्तगण का चालान मा.न्यायालय किया गया है।थाना सकरन पुलिस द्वारा दिलीप कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। महमूदाबाद से बाबूपुर निवासी मनिचन्द्र को जेल भेजा।

# एमपी अग्रवाल ने स्टॉल का निरीक्षण कर दिये सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा यह स्टॉल


सेंटर मार्ट में लगे उच्च शिक्षा विभाग उप्र. के स्टाल का निरीक्षण करते एमपी अग्रवाल।

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा विभाग ने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में आयोजित उप्र. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी प्रमुख पहलों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में विभाग ने इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में की गईं अपनी महत्वपूर्ण प्रगति और नीतियों को प्रदर्शित किया।

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमपी अग्रवाल ने मेले में विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया और सुधार के लिए कुछ अहम सुझाव भी दिए। यह स्टॉल मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को उच्च शिक्षा में एकीकृत करने जैसी पहलों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

### त्योहारों के मद्देनजर मथुरा में निषेधाज्ञा लागू

**मथुरा,एजेंसी :** मथुरा के जिलाधिकारी ने आगामी दो माह के लिये जनपद में रामलीला महोत्सव, नवरात्रि, विजयादशमी, दीपावली आदि पर्वों को देखते हुए 23 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके चलते कहीं भी कोई व्यक्ति अथवा संगठन बिना अनुमति के पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा नहीं कर सकते। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी।

### खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम, राजनीति ज्यादा : मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम और चुनावी राजनीति ज्यादा हो रही है। खाद्य दुकानों पर संचालकों के नाम लिखाए जाने के निर्देश पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि क्या इससे मिलावट का काला धंधा खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रसाद में मिलावट के असली दोषी पर कार्रवाई जरूरी है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राज्य सरकार की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबो आदि में संचालक, प्रबंधक के नाम पता के साथ ही सीसीटीवी लगाने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि खाद्य मिलावट की रोकथाम के लिए पहले भी सख्त कानून उपलब्ध हैं, परोम सरकारी लापरवाही व मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसादम के लड्डू में मिलावट ने देश भर के लोगों को दुखी कर रखा है। इस घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन है, इस पर चिंतन जरूरी है।

# अधिकारियों के पदनाम के पहले माननीय शब्द जोड़ने पर सरकार से मांगा जवाब



**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मौसमी संग्रह चपरासी के एक मामले में सुनवाई के दौरान प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश से हलफनामे के माध्यम से यह जानकारी मांगी कि क्या राज्य के अधिकारियों के बारे में ऐसा कोई प्रोटोकॉल है जो उन्हें अपने पदनाम या नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़ने का हकदार बनाता है।

कोर्ट ने कहा कि यह स्थापित सिद्धांत है कि मंत्रियों तथा अन्य संप्रभु पदाधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द उपसर्ग के रूप में लगाया जाता है, लेकिन राज्य सरकार में सेवारत सचिवों के लिए भी यही बात लागू होती है या नहीं, इस संदर्भ में कोई निश्चित सूचना नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने इटावा निवासी कृष्ण गोपाल राठौर की याचिका पर विचार करते हुए की। दरअसल कोर्ट ने एक मामले में कानपुर के मंडलायुक्त को इटावा के जिलाधिकारी द्वारा 'माननीय आयुक्त' कहकर संबोधित करने पर हैरानी जताते हुए कहा कि कई आधिकारिक पत्राचारों में राज्य के विभिन्न रैंक के अधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़कर नियमित रूप से उल्लेख करना कहां तक उचित है। इसके साथ ही कोर्ट ने याची के मामले में सरकारी अधिवक्ता को निर्देश लेने के लिए कहा है कि याची से जूनियर कर्मचारियों को मौसमी संग्रह चपरासी की श्रेणी में सेवा में रखा गया है या नहीं, क्योंकि याची को इस श्रेणी में न तो रखा गया है और न ही नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी, इटावा से भी एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा गया है। मामले को 1 अक्टूबर 2024 के लिए सूचीबद्ध करते हुए निबंधक (अनुपालन) को उक्त आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4.1.आसक्ति 2.प्रेम 3.लगाव; सौहार्द।

6.1.शिला की भांति 2.पत्थर की तरह 3.पत्थर के आकार-प्रकार का।

8.1.ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2.ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1.1.भद्दा

2.1.अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2.संवेदनहीनता।

3.थिगली।

5.रात, रात्रि।

7.1.मगध देश का, मगध संबंधी 2.मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| ■ | 6 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |

### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रँ |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठों | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 ओं | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष:** आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन:** आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क:** आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह:** आज का दिन काफी रोमांचक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला:** आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक:** आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।


**धनु:** आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ:** आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन:** आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
राज तिलक — सुबह : 11.00
अनाढ़ी — रात : 07.00

**&pictures**
बच्चन पांडेय — सुबह : 10.18
क्रिश — दोपहर : 01.13

**SONY PIX**
स्पाइडर मैन — दोपहर : 12.02
जॉन रेम्बो — शाम : 05.35

**ZEE CINEMA**
रिश्ते — सुबह : 08.26
हिम्मतवर — दोपहर : 01.58

**colors CINEPLEX**
बलवान — सुबह : 11.54
दिल है तुम्हारा — दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला- यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2475, राज श्री 1850, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2015, जय जवान 1960, सचिन 2060, सूरज 1985, अवसर 2060, राग गोल्ड 2120, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2155, चक्र टिन 2245, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2445 I किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 I चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 I दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 I चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 I

## जीएसटी दर युक्तिकरणः जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

### 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती हैं 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

## निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि :** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय :** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण :** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव :** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन :** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी :** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास :** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन :** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड :** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।


### जोखिम

- **कंपनी :** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता :** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी :** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक :** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक :** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

## आम के उत्पादन में उप्र अग्रणी, निर्यात में देश फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

## सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीदः वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

**पटना।** बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला।

### गिरफ्तार चार बदमाशों से मादक पदार्थ-हथियार बरामद

**नोएडा (उप्र)।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक गैंगस्टर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद किए हैं। सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक भारत सिंह ने गैंगस्टर रवि शर्मा और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियार और मादक पदार्थ मिले हैं।

### ए. राजा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने माकपा नेता ए. राजा की केरल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य के इडुक्की जिले में देवीकुलम विधानसभा सीट से राजा के चुनाव को रद कर दिया था। इस सीट से दूसरे स्थान पर कांग्रेस नेता डी. कुमार ने याचिका दाखिल की थी।

## कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

### प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

## मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

## सरकार ने आधार, पैन का ब्योरा देने वाली वेबसाइटें कीं ब्लॉक

- सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट में पाई थीं कई सुरक्षा कमियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा कमियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक किया है। मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील जानकारियों को उजागर कर रही थीं। सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर पुलिस से शिकायत की है।

## आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

## चुनाव बाद पीओके भी जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं । आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती।पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

### कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता : नड्डा



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की।

## आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**बदलापुर कांड**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के परिजन व उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है।

## 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख रुपये की ठगी

- दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का कर्मचारी बताकर ठगों ने दिया वारदात को अंजाम

नोएडा(उप्र), एजेंसी

साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी की। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो सितंबर को फोन आया और फोनकर्ता ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया।

कुमार ने बताया कि फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड से सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा किया। कथित कर्मचारियों ने वीडियो कॉल कर लखनऊ के फर्जी थाने से जोड़ा और पुलिस की वर्दी में बैठे व्यक्ति ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई करेगी। अगर किसी को बताया तो नोएडा पुलिस आपके परिजनों को गिरफ्तार करेगी। ठगों ने उससे संपर्क बनाए रखा। ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए कई खातों में डलवाएं।

## बेंगलुरु हत्याकांड के आरोपी ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु/भुवनेश्वर।** बेंगलुरु की महिला की हत्या के मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप राय गांव भुईनपुर है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि घटनास्थल से डायरी मिली है, जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे।

## संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने से न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया।



- फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम



# खेल खिलाड़ी



## शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

**मुंबई, एजेंसी**

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।



● पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन बोले- देश के लिए आशाजनक शुरुआत है अभी और आगे जाना है

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

## रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

**मैड्रिड, एजेंसी**

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलातासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें ) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत द्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।



कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश:** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महम्दुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

## चांदीमल का शतक, श्रीलंका ने मैच पर बनाई मजबूत पकड़

**गाले, एजेंसी**

दिनेश चांदीमल (116) शतकीय, एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) रनों की अर्धशतकी पारियों के दम पर श्रीलंका ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 306 रन का स्कोर बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली हैं। आज श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में पुथम निसंका (एक) रन टिम साउदी का शिकार बन गए। इसके बाद दिनेश चांदीमल के साथ दिमुथ करुणारत्ने ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिये 122 रनों की साझेदारी की। 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने (46) पर रनआउट हो गए। चांदीमल ने 208 गेंदों में (116) रनों की पारी खेली। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एंजलो मैथ्यूज (नाबाद 78) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 51) क्रीज पर मौजूद थे।

## काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्शं

**मुंबई, एजेंसी**

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।



● सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

## बॉलीवुड हलचल



### कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





### बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



## एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।



● युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने नोगुची संग्रहालय पुरस्कार ठुकराया

**न्यूयॉर्क।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा



लाहिड़ी ने गाजा में फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए 'कुफिय्या' पहनने वाले तीन कर्मचारियों को निकाले जाने के विरोध में अमेरिका के क्वींस स्थित नोगुची संग्रहालय से पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। संग्रहालय ने एक बयान में कहा, 'झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई पोशाक संहिता नीति के विरोध में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार के लिए अपनी स्वीकृति वापस लेने का फैसला किया है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने बयान के हवाले से कहा, 'हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह नीति हर किसी के विचारों के अनुरूप हो भी सकती है और नहीं भी।' न्यूयॉर्क स्थित संग्रहालय की स्थापना लगभग 40 साल पहले जापानी-अमेरिकी डिजाइनर एवं मूर्तिकार नोगुची ने की थी।

### चीनः स्कूलों में हर रोज दो घंटे कसरत अनिवार्य

**बीजिंग।** चीन में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम दो घंटे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा उप मंत्री वांग जियायी ने गुरुवार को कहा कि प्रत्येक दिन छात्र खेल कक्षा में भाग लेंगे और कक्षा के बाद एक घंटे शारीरिक व्यायाम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य छात्रों में धूप में पर्याप्त समय बिताना सुनिश्चित करके उनकी आंखों और वजन संबंधी आम समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि राजधानी बीजिंग में अनिवार्य शिक्षा के लिए कक्षाओं के बीच 10 मिनट के ब्रेक को मौजूदा सेमेस्टर से बढ़ाकर 15 मिनट कर दिया गया है।

### ईरानः विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ। विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुंच गई।

### पाकिस्तान में पोलियो का एक और मामला मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस बीमारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जो इसे समाप्त करने के सरकार के प्रयासों के लिए झटका है। अधिकारियों ने बताया कि पोलियोग्रस्त हालिया पीड़ित बलूचिस्तान के पिशिन का रहने वाला है और उसकी उम्र ढाई साल है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बुधवार को बच्चे में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप एक (डब्ल्यूपीवी 1) की उपस्थिति की पुष्टि की, जिससे इस वर्ष अब तक रिपोर्ट किए गए मामलों की कुल संख्या 22 हो गई है। इनमें अकेले बलूचिस्तान से 15 मामले सामने आए हैं।


# सीओपी मेजबान देश तेल गैस उत्पादन 33% बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत : रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के पिछले, वर्तमान और अगले मेजबान क्रमशः अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील 2035 तक अपने तेल व गैस उत्पादन में 33 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले हैं, जो एक नए विश्लेषण के अनुसार मजबूत वैश्विक जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत है।

अमेरिका में स्थित शोध समूह 'ऑयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा उद्योग डेटा का उपयोग करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि यूएई और ब्राजील 2035 तक क्रमशः 37% और 38% उत्पादन बढ़ाने की राह पर हैं। नवंबर में बाकू में सीपीओपी29




की मेजबानी करने वाले अजरबैजान के उत्पादन में 4% की वृद्धि होने का अनुमान है। नवंबर-दिसंबर 2023 में दुबई में आयोजित पिछले संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में नेताओं ने जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने, 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में दोगुनी वृद्धि और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

# अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदुओं वापस जाओ के नारे लिखे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए। बीएपीएस मंदिर प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए।'

न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रिकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना

**एक माह में दूसरी घटना**

- गत 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर में भी हुई थी घटना



घटना के बाद बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मंदिर पहुंचे।

हुई। संगठन ने एक बयान में कहा, 'नफरत की निंदा के प्रति हम दृढ़ हैं। इस घटना से हमारा दुख और गहरा हो गया है तथा दिल में नफरत रखने वालों सहित सभी के लिए हमारी प्रार्थनाएं और मजबूत हो गई हैं।' बयान में कहा गया है कि सैक्रामेंटो में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जीवंत हिंदू समुदाय का स्थान है, जो बड़े समुदाय के वास्ते कई गतिविधियों और परियोजनाओं में लगा हुआ है। हम इस सामुदायिक ताने-बाने का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

इस घटना के बाद मंदिर से संबद्ध लोग प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए तथा उन्होंने परम पावन महंत स्वामी महाराज के सद्भाव और सम्मान के आदर्श को याद करते हुए शांति एवं एकता का आह्वान किया। देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध और मंदिर में तोड़फोड़ की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति के बीच अमेरिका में एक महीने से भी कम समय में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की यह दूसरी घटना है।

कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए।



**पानी की लाइन भी काटी**

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

## भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने किया आह्वान

# संरा सुरक्षा परिषद में शुरू हो सुधार प्रक्रिया


न्यूयॉर्क, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने सुधारों को लेकर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में कोई प्रगति नहीं होने पर गहरी चिंता जताई। चारों देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाठ आधारित चर्चा तुरंत शुरू करने का आह्वान किया है।

जी-4 की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर और जापान की विदेश मामलों की मंत्री योको कामिकावा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर एक बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुधारों को लेकर पूरे परिदृश्य का आकलन करने और यह प्रक्रिया आरंभ कराने की संभावनाओं पर चर्चा की।

वक्तव्य में कहा गया कि जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय प्रणाली की वर्तमान महत्वपूर्ण चुनौतियों पर ध्यान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और इस प्रकार वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयुक्त बनाने के किसी भी प्रयास का एक अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने 22 और 23 सितंबर को "भविष्य के शिखर सम्मेलन" का स्वागत किया, जहां विश्व नेताओं ने सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार का जोरदार आह्वान किया।

इस संबंध में भारत, जर्मनी और जापान के मंत्रियों ने जी-20 की ब्राजील की अध्यक्षता के संदर्भ में वैश्विक शासन सुधार पर कॉल टू एक्शन शुरू करने की ब्राजील की पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन में बदलाव के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि "भविष्य के शिखर सम्मेलन" के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर चर्चा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जी-4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए अपना आह्वान दोहराया, जिसे परिषद की वैधता बढ़ाने और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए वार्ता प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण संख्या में सदस्य देशों द्वारा समर्थन दिया गया है।



जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान की योको कामिकावा और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा। (बाएं से)

**फ्रांस ने भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन**

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। यही नहीं, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत भी की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है, जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा।' मैक्रों ने कहा, 'इसलिए फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा।'

**यूएन में सुधार की जरूरतः जयशंकर**

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राजील की अध्यक्षता वाले जी-20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज न्यूयॉर्क में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। इसमें दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार शामिल है।"

## अरुणाचल की चोटी को दलाई लामा का नाम दिया, चीन चिढ़ा

**बीजिंग।** भारतीय पर्वतारोहियों की ओर से अरुणाचल प्रदेश की एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर चीन चिढ़ गया और उसने इस क्षेत्र पर एक बार फिर अपना दावा किया। राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान की एक टीम ने अरुणाचल की 20,942 फीट अनाम चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इसके बाद टीम ने इस चोटी का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखने का फैसला किया। इस पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, मुझे व्यापक रूप से यह कहना चाहिए कि जांगनान का क्षेत्र चीनी क्षेत्र है।

# लद्दाखः सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर बनी आम सहमति

बीजिंग, एजेंसी

- चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में

चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह बात कही। उसने यह भी कहा कि साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर वे सहमत हुए हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो।

# उ. कोरिया के पास बम बनाने को पर्याप्त यूरेनियम

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है।

- दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी ने किया दावा



इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

# इजराइल के हमले में 23 सीरियाई कामगारों की मौत

बेरूत, एजेंसी

- लेबनान के सरकारी मीडिया का दावा, आठ से ज्यादा घायल

लेबनान की एक इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई कामगार एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया, जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

लेबनानी रेड क्रॉस ने कहा कि उसने नौ शव बरामद किए हैं, जबकि अन्य शव हिजबुल्ला चरमपंथी समूह की पैरामेडिक सेवा द्वारा बरामद किए गए हैं। लगभग 60 लाख की आबादी वाले लेबनान में करीब 7,80,000 पंजीकृत सीरियाई शरणार्थी और हजारों अपंजीकृत शरणार्थी हैं।

## भारतीय नागरिकों को लेबनान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

**यरूशलम।** भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दागने और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 20,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए परामर्श में कहा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों व तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।"

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगा : शाह

उधमपुर, एजेंसी

- गृहमंत्री ने कश्मीर के उधमपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी।

शाह ने कहा, 'फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा।' उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से अनुच्छेद 370 की बहाली का



दावा किये जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी। यह पहली बार है कि कश्मीर में चुनाव अनुच्छेद 370 और अलग झंडे के बिना हो रहे हैं। दो संविधानों की संस्कृति का अंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि नेकां और राहुल बाबा द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राहुल की कई पीढ़ियों में इन प्रावधानों को फिर से लागू करने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेकां ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोग मारे गए और 3000 दिन कर्फ्यू भी लगा, इसके अलावा हर दिन हमले, बम धमाके होते रहें। हालांकि, जब से श्री मोदी ने सत्ता संभाली है, पथराव और गोलीबारी बंद हो गयी हैं। तीनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जीवित करना चाहती हैं, लेकिन मैं उमर अब्दुल्ला को बताना चाहता हूं कि आप जो भी चाहें, कश्मीर की धरती से आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

## तमिलनाडु में छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु के तिरुप्पुर से देश में अवैध रूप से घुसे छह बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पल्लदम जाने वाली बस में सवार होने वाले थे, उस दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों सहित पुलिस दल ने संदेह के आधार पर युवकों को रोका और उनसे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो वे नहीं दिखा सके। पुलिस दल को पूछताछ में पता चला कि ये छह लोग दो सप्ताह पहले बांग्लादेश से आए थे और उन्हें मुदालिपलायम में स्थित एक कंपनी ने वापस भेज दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे तिरुप्पुर से पल्लदम जाने के लिए बस में सवार होने वाले थे, ताकि किसी दूसरी कंपनी में काम की तलाश कर सकें।

# पाकिस्तान में दो जनजातियों के बीच झड़प, 36 की मौत

पेशावर, एजेंसी

- जमीन के टुकड़े को लेकर हुए संघर्ष में 80 लोग घायल

अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में पिछले छह दिन में एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं।

पुलिस ने कहा कि पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं, जबकि 80 अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवर और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई। ये इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से सटे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और तालिबान का गढ़ माना जाता है। दोनों पक्षों के बुजुर्गों के संयुक्त संघ जिरगा (आदिवासी परिषद) ने झड़पों को रोकने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और कोहाट आयुक्त से मुलाकात की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। गुरुवार को हिंसक झड़पें लगातार छठे दिन भी जारी रहीं, जिसमें ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में भारी गोलीबारी हुई। लिहाजा छह और लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए।

**खोज-खबर** पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराया सौर तूफान

# सौर सक्रियता अपने चरम की ओर अग्रसर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सूर्य सक्रियता चरमता की ओर अग्रसर है और ऑरोरा के रंगबिरंगे नजारे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में मेहरबान हैं। बुधवार को सौर सामग्री यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) सौर तूफान पृथ्वी के भू-चुंबकीय क्षेत्र से टकरा गया। आने वाले दिनों में भी भू-चुम्बकीय तूफानों का आना जारी रहने की संभावना है।

सूर्य 25वें सौर चक्र से गुजर रहा है और जबरदस्त सक्रियता के साथ सौर तूफानों को बरसा रहा है। जिसका असर पृथ्वी ही नहीं, बल्कि मंगल, शुक्र व बुध ग्रहों पर भी पड़ रहा है। गत दिवस जी 1 तीव्रता वाला भू-चुंबकीय तूफान शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पृथ्वी पर पहुंच



सूर्य की सतह से निकलती ज्वाला।

गया, जिसके चलते उत्तरी अमेरिका में लगभग पूरी रात एक अशांत भू-चुंबकीय क्षेत्र देखा गया। लिहाजा, रंगबिरंगी रोशनी के साथ ऑरोरा भी देखे गए।

सूर्य से निकले तूफान का जल्द पृथ्वी तक पहुचना बड़ी बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे कुछ तो रहस्य रहा होगा। बहरहाल, 24 सितंबर को सी 6.9 क्लास की ज्वाला निकली थी। इसका क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में एआर3828 सौर कलंक में विस्फोटित हुई थी।

यह विस्फोट लीड फ्लेयर एआर 3828 के साथ एआर 3833 से भी जुड़ा हुआ था। जिस कारण सी क्लास की एक साथ दो फ्लेयर्स यानी ज्वाला उत्पन्न हुई थी। नासा के अनुसार अगले 24 घंटे में सी क्लास विस्फोट की संभावना 99 प्रतिशत है। एम क्लास की संभावना 55 फीसद है, जबकि एक्स क्लास की ज्वाला के लिए 20 प्रतिशत संभावना जताई गई है।

सूर्य और उसके रहस्यों ने हजारों सालों से मानवता को आकर्षित किया है। सूर्य हमारे सौरमंडल का आधार है और जीवन को जीवित रहने के लिए आवश्यक गर्मी और प्रकाश प्रदान करता है। फिर भी इसके आंतरिक भाग के बारे में कई सवाल बने हुए हैं, जो इसकी चुंबकीय गतिविधि को संचालित करता है।

**अभी बड़े विस्फोट होने बाकी**

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व निदेशक डॉ. वहाब उद्दीन के अनुसार इस बार सूर्य बेहद सक्रिय है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट होने अभी बाकी है। इन दिनों सूर्य की सतह में एक दर्जन सौर कलंक समूह बने हुए हैं। अगले साल तक सौर सक्रियता जारी रहेगी।

# हसीना ने अपराध किए हैं, उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने की मांग

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने कहा है कि भारत में शरण लिए हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। युनूस ने न्यूयॉर्क टाइम्स क्लाइमेट फॉरवर्ड शिखर सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्यों नहीं, अगर उन्होंने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए और न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

युनूस अभी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं। यूनुस से पूछा गया कि क्या उनकी चुनाव लड़ने की कोई योजना है। उन्होंने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'क्या मैं ऐसा व्यक्ति दिखता हूं, जो



चुनाव लड़ूंगा।' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई समय सीमा नहीं है कि बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार देश में स्थापित कई आयोगों द्वारा आने वाले महीनों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने की उम्मीद है, जिसके बाद चुनावों की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने के लिए किया गया वैश्विक समझौता पेरिस समझौता तब तक काम नहीं करेगा, जब तक दुनिया मौजूदा आर्थिक प्रणाली के साथ बनी रहेगी।